तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

# चाहिए 125 किडनी, 26 लीवर...पर पांच माह से एक भी अंगदान नहीं, संचालक का पद भी खाली

## राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण में नई नियुक्ति का इंतजार, 225 हुई आर्गन लेने वाली वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

शरीर के आवश्यक अंग के रूप में लोगों को नया जीवन देने अंगदान महादान का संवेदनशील अभियान राज्य में ठंडा पड़ गया है। पांच महीने से यहां एक भी कैडेवर डोनेशन नहीं हुआ है। योजना को कार्यान्वित करने वाले राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) स्वयं अफसरों और संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। वरिष्ठ चिकित्सक के निधन के बाद सोटो में संचालक का पद भी खाली हो गया है। सोटो के पास किडनी, लिवर सहित अन्य अंग प्राप्त करने वालों की वेटिंग 225 हो चुकी है। राज्य में पहला अंगदान नवंबर वर्ष 2022 में हुआ था और अब तक दर्जनभर से ज्यादा कैडेवर डोनेशन पूरा हुआ है जो आवश्यकता के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। वर्तमान में इस अभियान को पूरा करने के लिए मरीज को ब्रेनडेड घोषित होने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। मरीज के ब्रेनडेड घोषित होने के बाद उसे अस्पताल में रखने का बिल परिजनों से लेने का नियम नहीं है। इस मामले में निजी अस्पतालों में समन्वय नहीं बन पा रहा है। इसके लिए सोटो के पास पर्याप्त संसाधन और मैन पॉवर की कमी भी है, जिसकी वजह से यह अभियान ठंडा सा पड़ गया है। राज्य में किडनी की बीमारी बहुत आम है और सैकड़ों लोगों का जीवन डायलिसिस के भरोसे चल रहा है। राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास ही दान में किडनी मिलने का इंतजार करने वालों की सूची दो सौ के ▶▶| शेष पेज 17 पर

**अस्पतालों में अटक रही ब्रेनडेड घोषित करने की प्रक्रिया जरूरी संसाधनों का अभाव बड़ा मुद्दा**

**कितने अंग की जरूरत**
197 किडनी
26 लिवर
2 अन्य अंग

**अब तक मिले अंग**
14 त्वचा
14 कार्निया
5 हार्ट वाल्व

**अब तक हुआ ट्रांसप्लांट**
27 किडनी
3 लिवर



### प्रयास किया जा रहा

लाइव आर्गन डोनेशन की प्रक्रिया समिति द्वारा सतत रूप से पूरी की जा रही है। ब्रेनडेड मरीजों के आर्गन डोनेशन के लिए टीम लगातार प्रयास करती है। इसके लिए लोगों को जागरूक किए जाने का प्रयास भी किया जा रहा है।
- डा. एसके पामभोई, नोडल अधिकारी, राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण

### चूक गए कुछ मौके


सूत्रों के अनुसार राज्य के शासकीय के साथ निजी अस्पतालों में ब्रेनडेड जैसे मामले अक्सर सामने आते हैं। ऐसे मरीजों को अधिकृत तौर पर दिमागी रूप से मृत घोषित कर परिजनों को अंगदान के लिए समय पर प्रेरित करना आवश्यक होता है। अस्पतालों में इसका समन्वय करने वाली टीम इसमें चूक रही है। पिछले कुछ समय में ब्रेनडेड के तीन से चार प्रकरणों में कुछ ऐसा हो गया और मरीजों के अंग दूसरे के जीवन के काम नहीं आ पाए।

### 27 में दो शासकीय हास्पिटल

किडनी, लिवर, हार्ट, स्किन कार्निया सहित अन्य अंगों के डोनेशन और ट्रांसप्लांट के लिए सोटो के पास कुल 27 हास्पिटल पंजीकृत है। इनमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) किडनी, लिवर और स्किन, शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज कार्निया ट्रांसप्लांट के लिए पंजीकृत है। सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए पंजीकृत है। डीके हास्पिटल में यह सुविधा शुरू किए जाने की योजना अब तक अधूरी है।

## खबर संक्षेप

### मिक्सर वाहन से दबकर मौत, चालक पर केस दर्ज



**रायपुर।** मिक्सर वाहन से दबकर एक व्यक्ति की मौत के मामले में मंदिर हसौद पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 20 जून 2025 की है। ग्राम छेरीखेड़ी के पास मिक्सर वाहन के चालक ने गाड़ी को बिना हैंड ब्रेक लगाए ढलान वाली सड़क पर खड़ा किया था। इस लापरवाही के कारण वाहन अचानक ढलान की तरफ चलने लगा और वहां खड़े एक वाहन के पास खड़े बृजेश्वर रात्रे 31 वर्ष निवासी ग्राम नकटी माना को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी दबकर मौत हो गई। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने मिक्सर वाहन चालक के खिलाफ धारा 106, 1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# शराब घोटाले में ईडी की रिमांड पर सौम्या, 115 करोड़ रुपए की उगाही का शक, हवाला से भेजे गए पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार की गई राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से दलीलें सुनने के बाद सौम्या को 2 दिन के लिए ईडी की रिमांड पर भेजने का फैसला सुनाया है। सौम्या को अब 19 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर कोर्ट में सुनवाई के बाद सौम्या के बचाव पक्ष के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने बताया कि ईडी ने अपनी डायरी में सौम्या पर अलग-अलग दो पार्ट में 115 करोड़ रुपए के लेनदेन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उसी डायरी में कोयला घोटाला और फिर शराब घोटाला बताया जा रहा है। एजेंसी का दावा है कि शराब घोटाले में 72 करोड़ रुपये हवाला किया गया है, लेकिन कैश हवाला करने वाले की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है।

### एक दिन पहले ईडी ने किया गिरफ्तार

ईडी ने एक दिन पहले ही शराब घोटाला मामले में मिले सबूतों के आधार पर सौम्या को पूछताछ के लिए रायपुर कार्यालय बुलाया था। इस पूछताछ के बाद ईडी ने सौम्या को गिरफ्तार किया। आज दूसरे दिन सौम्या को ईडी ने विशेष कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी की ओर से वकील डॉ. सौरभ कुमार पांडे ने कोर्ट में शराब घोटाला मामले में सौम्या के खिलाफ लेनदेन के कई अहम डिजिटल साक्ष्य मिलने की बात कहते हुए तीन दिन की रिमांड मांगी, जिसका बचाव पक्ष के वकील ने इसके विरोध में दलील रखी। इस तरह दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सौम्या को 2 दिन की ईडी रिमांड को मंजूरी दी। सौम्या अब दो दिन तक ईडी की कस्टडी में रहेगी।





### पूछताछ में खुल सकते हैं शराब घोटाला के कई राज

*ईडी का दावा है कि प्रदेश में हुए 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाला में सौम्या की भूमिका भी अहम रही है। सौम्या लीकर स्कैम नेटवर्क में को-ऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रही थी। ईडी का दावा है कि शराब घोटाले से जुड़े करीब 115 करोड़ रुपये लक्ष्मीनारायण बंसल के जरिये सौम्या चौरसिया तक पहुंचा है, वहीं आरोपी तांत्रिक केके श्रीवास्तव से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि घोटाले का करीब 72 करोड़ रुपये हवाला के जरिए इधर से उधर किया गया है। ईडी का यह भी दावा है कि पूछताछ में सौम्या* ▶▶| शेष पेज 17 पर

### ढाई साल जेल में रह चुकी है सौम्या

*ईडी ने इससे पहले 2 दिसंबर 2022 को सौम्या चौरसिया को कोल लेवी घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में वे करीब ढाई साल जेल में रही और पिछले 6 महीने से वह सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर आई थी। ईडी ने 6 महीने बाद अब शराब घोटाले में दूसरी बार उसे गिरफ्तार किया है।*

### लंबे समय बाद कवासी लखमा कोर्ट में किए गए पेश

*इधर शराब घोटाला मामले में जेल में बंद तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा को भी लंबे समय बाद कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अब तक उन्हें विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ही पेशी में शामिल किया है, लेकिन बुधवार को जज के आदेश पर कवासी लखमा को कोर्ट में हुई सुनवाई में बुलाया गया। बताया जा रहा है कि लखमा ने इससे पहले हुई विडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान सुनवाई में जज से कहा था कि उन्हें जेल में दवाई नहीं मिल रही है और न ही उचित इलाज मिल रहा है तथा वह अपनी पेशी की सुनवाई में कोर्ट में आना चाहते हैं। सुनवाई के बाद लखमा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वे शुगर, बीपी, हार्ट के मरीज हैं। जेल में उनका अच्छे से इलाज नहीं हो रहा है। जनवरी में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, तब से वे जेल में हैं। जेल में जाने के बाद पहली बार उन्हें कोर्ट लाया गया है।*

# ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए अर्जी शुरू, बगैर अपार आईडी अब नहीं होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ **इग्नू ने ओडीएल पाठ्यक्रम के लिए जनवरी अंत तक मंगाए आवेदन**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अर्थात इग्नू ने अपने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इग्नू के जनवरी सत्र के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 31 जनवरी को बंद हो जाएगी। आवेदन प्रक्रिया शुरू करने से पहले, आवेदकों को अपना स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण अर्थात अपार आईडी तैयार रखने कहा गया है। आधिकारिक नोटिस में ▶▶| शेष पेज 17 पर

### 60 दिन बाद वापस नहीं होगी फीस

इग्नू में जनवरी 2026 में प्रवेश के लिए, उम्मीदवारों को अपनी शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र और लागू श्रेणी प्रमाण पत्रों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रतियों के साथ एक स्कैन की गई फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने की आवश्यकता है। प्रवेश की पुष्टि होने के बाद यदि रद्द करने का अनुरोध किया जाता है, तो कार्यक्रम शुल्क का 15%, या अधिकतम 2,000 रुपये, वापसी राशि से काट लिया जाएगा। प्रवेश की तिथि से 60 दिनों के बाद शुल्क राशि वापस नहीं की जाएगी।



दो विधानसभा भवनों में चला शीतकालीन सत्र

अध्यक्ष डा. रमन ने कहा हम सब दुर्लभ संयोग के साक्षी

# वंदेमातरम पर विधानसभा में सत्ता और विपक्ष के बीच होती रही नोक-झोंक, सत्र का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन वंदेमातरम पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष के सदस्यों के बीच लगातार सियासी नोक झोंक होती रही। सत्ता पक्ष के लोग कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते रहे, तो जवाब में कांग्रेस सदस्यों ने वंदे मातरम पर राजनीति न करने की बातें दोहराई। इस चर्चा के साथ ही विधानसभा के शीतकालीन सत्र का समापन हो गया है। समापन के अवसर पर विधानसभाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस सत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सत्र के प्रथम दिवस 18 नवंबर को पुराने विधानसभा भवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना के रजत जंयती वर्ष पर केंद्रित चर्चा हुई, यह कार्यदिवस हम सबको भावुक करने वाला था, क्योंकि हम सब की स्मृतियां उस भवन से जुड़ी हुई थीं आप सभी ने अपनी भावनाओं से चर्चा को समृद्ध बनाया। इस सत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सत्र का दूसरा कार्यदिवस रविवार 14 दिसंबर को इस नवीन विधानसभा भवन में आरंभ हुआ। किसी विधानसभा का एक सत्र दो विधानसभा भवन में आरंभ हुआ। किसी विधानसभा का एक सत्र दो भवनों में संपन्न हो, इस दुर्लभ संयोग के साक्षी होने का अवसर हम सब को प्राप्त हुआ है।



## 5 बैठकों में कुल 35 घंटे 33 मिनट तक चली कार्यवाही

शीतकालीन सत्र के समापन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र को बताया यादगार और ऐतिहासिक उपलब्धि कहा है। इस दौरान विजन 2047 पर हुई सार्थक और व्यापक चर्चा हुई। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में भविष्य के रोडमैप पर मंथन के साथ ही शीतकालीन सत्र होने के बावजूद कई अहम मुद्दों पर उपयोगी बहस हुई। अनुपूरक बजट सहित महत्वपूर्ण विधायी कार्य पूरे किए गए। सत्र के दौरान कुल 5 बैठकों में कुल 35 घंटे 33 मिनट तक चली कार्यवाही, तारांकित 333 और अतारांकित 295 सवाल, कुल 628 प्रश्न मिले, 11 सवालों पर सदन में पूछे गए अनुपूरक प्रश्न, 232 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त, 70 स्वीकार, 20 शून्यकाल में बदली गईं, 101 स्थगन सूचनाएं सदन में आईं, 196 याचिकाएं प्रस्तुत, 36 याचिकाएं स्वीकार की गई।

**बजट सत्र का संभावित माह घोषितः** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बजट सत्र की संभावित तिथि की घोषणा करते हुए कहा कि फ़रवरी के अंतिम सप्ताह में होगा विधानसभा का बजट सत्र आयोजित होगा।

## इतिहास फिर से लिखा जाएगा : विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अगर इस गीत( वंदेमातरम) को वर्ष 1923 में न छोड़ा गया होता,



न आधा किया गया होता तो देश का स्वरूप ही कुछ दूसरा होता। मैं निःसंदेह यह कहना चाहता हूं कि जो कुछ हुआ है, आने वाले समय में इतिहास फिर से लिखा जाएगा, फिर से भारत अपने उन पुराने उपलब्धियों को, पुरानी प्रतिष्ठा को, पुराने क्षेत्र को सब कुछ प्राप्त करेगा, परंतु आज उसके मूल में यह आवश्यक है, जब 150 वर्ष हो चुके हैं।

## विधायक मंत्री भी शामिल हुए चर्चा में

वंदेमातरम पर चर्चा के दौरान सत्ता विपक्ष के सदस्यों के साथ सरकार के मंत्रियों ने भी अपनी बात रखी। सत्ता पक्ष की ओर से चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि वे नेता प्रतिपक्ष ने जो बात कही वे समझ नहीं पाए। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को यह बताने की जरुरत है कि संविधान में पंथनिरपेक्ष की जगह धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द क्यों जोड़ा गया। उन्होंने ये भी कहा कि देश में जब नेशलन एंथम मौजूद था तो आपने छत्तीसगढ़ का गीत क्यों बनाया। संसदीय कार्यमंत्री केदार



कश्यप ने विपक्ष खासकर कांग्रेस के लिए कहा कि ये लोग तुष्टीकरण की राजनीति अपनाते हैं। जो देश में रहकर देश को अपमानित करने की कोशिश करते हैं, तो पीड़ा होती है। देश के बाहर जाकर भी यही काम करते हैं। उन्होंने कहा- वंदेमातरम ने एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। सदियों तक इस गीत के पदों को भुलाने का काम किया गया। वंदे मातरम को स्थापित करने का प्रयास मोदी जी ने किया। आने वाली पीढ़ी वंदेमातरम को समझे यह प्रयास किया । कांग्रेसी इस देश को अपना कहने में शर्म महसूस करते थे।

## अपना धर्म किसी और पर क्यों थोपें

कांग्रेस सदस्य राघवेंद्र सिंह ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। कोई भी अपने धर्म को मानने के लिए स्वतंत्र है। यहां हर धर्म का सम्मान है। हम अपना धर्म किसी और पर क्यों थोपें? हम किसी को क्यों कहे कि आपको कैसे पूजा करनी है? कोई और मुझे क्यों बताएगा कि मैं हिंदू हूँ, मैं कैसे पूजा करूंगा? यह मेरा और मेरे भगवान के बीच का रिश्ता है। यह थोपने की राजनीति बंद होने की आवश्यकता है। अगर दो छंद से पूरा देश एक हुआ तो आज हम उसमें तुष्टिकरण की राजनीति करना, बार-बार उसके बारे में बोलना, नेहरू जी के बारे में बोलना, मैं उससे सहमत नहीं हूं।

## वंदे मातरम पर गर्व है

भाजपा सदस्य किरण देव ने कहा कि वंदे मातरम भारत माता की जय, एक सूत्र में तीन अक्षरों का यह मेल है। जब वंदे मातरम और भारत माता की जय का विषय आता है तो मैं बहुत ही गर्व के साथ इस बात को कहता हूं, हमारा देश पूरे विश्व में एकमात्र देश है जिसको माता का दर्जा दिया गया है, वरना किसी देश को माता का दर्जा नहीं दिया गया है। ये हम सबके लिए गर्व का विषय है।

# तीन विधेयक किए गए पारित

### दुकान स्थापना, निजी विवि एवं जन विश्वास संशोधन विधेयक शामिल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में सत्र के अंतिम दिन राज्य सरकार द्वारा लाए गए तीन विधेयकों को पारित कर दिया गया। सदन में तीन विधेयकों पर चर्चा के बाद विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (संशोधन) विधेयक 2025, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक 2025 और छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 शामिल हैं। दुकान एवं स्थापना विधेयक के राज्य में श्रमिकों के लिए कार्यकारी वातावरण को विनियमित करना तथा उनके कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं कार्यकारी दशाओं को सुनिश्चित करना है। बदलते हुए औद्योगिक वातावरण, प्रतिस्पर्धा की बढ़ती चुनौती तथा उद्यमशीलता एवं निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु कार्य संबंधी प्रावधानों में लचीलापन लाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उद्योग एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालन को अधिक सक्षम, उत्पादक और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु भारत सरकार के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं मेक इन इंडिया को दृष्टिगत रखते हुए, छनीमगड दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) संशोधन प्रस्तावित किया गया है। छोटे दुकान एवं स्थापनाओं पर अनुपालन का भार घटाने हेतु 10 या अधिक कर्मकारों के स्थान पर 20 या अधिक कर्मकारों के नियोजन वाले दुकान एवं स्थापनाओं पर इसे लागू करने का विनिश्चय किया गया है।वहीं जन विश्वास अधिनियम के तहत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लनिए विश्वास आधारित शासन को बढ़ावा देने एवं अपराधों के मुक्ति और तक संगतिकरण के लिए कुछ धाराओं में सशोधन किया गया है। निजी विवि अधिनियम के तहत राज्य सरकार ने कोलेबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी रायपुर विवि के रूप में निजी विवि स्थापित करने की अनुसंशा की है।

**प्रश्नकाल नहीं चला**
**स्थगन अग्राह्य किए जाने के बाद बेल में पहुंचे 34 कांग्रेस विधायक निलंबित**

# जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सदन में हंगामा, कांग्रेस ने लाया स्थगन प्रस्ताव, सत्यमेव जयते की लहराई तख्तियां

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। प्रश्नकाल से पहले ही सदन का माहौल गरमा गया, जब कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की बदनीयत और कथित गैरकानूनी कार्रवाई अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। कांग्रेसी 'सत्यमेव जयते' की तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे थे। स्पीकर ने उन्हें तख्तियां उतारकर सदन में आने की समझाइश दी। कांग्रेसी इसे नहीं माने, उनके विरोध के कारण प्रश्नकाल नहीं हो सका। साथ ही जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने सदन में स्थगन प्रस्ताव लाया, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। कांग्रेस विधायक इसका विरोध करते हुए गर्भगृह में आ गए और स्वतः निलंबित हो गए।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक सत्यमेव जयते लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगे। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने तख्तियों के साथ सदन में बैठने की अनुमति देने से इनकार करते हुए इसे असंसदीय करार दिया। इसके बावजूद विपक्ष का विरोध जारी रहा, जिससे कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। पूर्व सीमए भूपेश बघेल ने नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र की हत्या है। जवाब में मंत्री अजय चंद्राकर ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। प्रश्नकाल के बार-बार बाधित होने पर स्पीकर ने विपक्ष के व्यवहार की कड़ी निंदा की।

## जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सदन में हंगामा

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इसी मामले को लेकर कहा, हमने स्थगन प्रस्ताव



विधानसभा में लाया था। सत्ता पक्ष इसके कारण डरा हुआ है, इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया। हमारे सारे विधायक इसके विरोध में गर्भ गृह में गए जिसके बाद हमें निलंबित कर दिया गया। हम हमेशा सत्य के रास्ते पर चलते रहेंगे। हम सत्यमेव जयते स्लोगन जो हमारे महापुरुषों का वाक्य है, उसके रास्ते पर चलते रहेंगे। सत्य के नाम से भारतीय जनता पार्टी परेशान हो गई है। सत्य कभी पराजित नहीं हो सकता, उसे केवल परेशान किया जा सकता है।

**मजदूर टिप्पणी पर तीखी नोक-झोंक**
विधायक धर्मजीत सिंह की मजदूर संबंधी टिप्पणी पर कांग्रेस विधायकों ने कड़ा ऐतराज जताया। कांग्रेस का कहना था कि जनप्रतिनिधियों को इस तरह संबोधित करना अपमानजनक है। दोनों पक्षों के बीच बहस तेज होती चली गई।

**आसंदी की संयम बरतने की अपील**
विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों से संयम बरतने और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, सभी सदस्य वरिष्ठ हैं और कार्यवाही में सहयोग अपेक्षित है।

**नोक-झोंक के बीच कार्यवाही स्थगित**
कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव और विधायक अजय चंद्राकर के बीच व्यवस्था को लेकर बहस बढ़ी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के हस्तक्षेप पर भी विवाद थमा नहीं। हालात को देखते हुए आसंदी ने सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नारे बाजी के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

# रायपुर सहित 132 केंद्रों में होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने आखिरकार सीटेट की डेट जारी कर दी है। इसके अलावा परीक्षा आयोजन संबंधित जानकारी भी सीबीएसई ने नोटिस जारी कर बताई है। सीबीएसई ने ऑफिशियल नोटिस में बताया कि इस बार सीटेट का 21वां संस्करण आयोजित होगा। इसमें पेपर-1 और पेपर-2 दोनों शामिल हैं। जो



कैंडिडेट्स आवेदन करना चाहते हैं वे सीटेट की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सीटेट 8 फरवरी को आयोजित होगा। परीक्षा देश के 132 शहरों में 20 भाषाओं में कराई जाएगी। इस साल सीटेट में उम्मीदवारों को दो पेपर देने होंगे। सीबीएसई की ओर से जल्द ही एग्जाम सिलेबस, पैटर्न और एग्जाम फीस आदि की जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

## जरूरी है बीएड-डीएलएड उपाधि

सीबीएसई सीटेट पेपर-1 उन उम्मीदवारों के लिए है जो पहली से पांचवी कक्षा तक के शिक्षक बनना चाहते हैं। पेपर-2 उनके लिए है, जो कक्षा 6वीं से 8वीं तक पढ़ाना चाहते हैं। यह एग्जाम टीचर भर्ती के लिए एक अनिवार्य पात्रता परीक्षा है। जो कैंडिडेट सीटेट पास करते हैं, वे सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए योग्य हो जाते हैं। पेपर-1 अर्थात पहली से पांचवी कक्षा अध्यापन के लिए कैंडिडेट का 2 साल का डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजूकेशन अर्थात डीएलएड करना अनिवार्य है। इसी तरह से कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षा अध्यापन के लिए पात्रता परीक्षा में शामिल होने दो साल की बीएड डिग्री या 4 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स करना आवश्यक है।

# युवक पर जानलेवा हमला, तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के दुर्गा कॉलेज के सामने आपसी विवाद पर एक युवक पर चाकू, पेचकस, स्टिक जैसे हाथियार से जानलेवा हमला करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन नाबालिग हैं। हमले में इस्तेमाल किए गए चाकू को आरोपियों ने एक दुकान से था। पुलिस ने इस निशानदेही पर उस दुकान में भी छापा मारा और वहां से 5 चाकू को जब्ती बनाते हुए उसके संचालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना के संबंध में मौदहापारा थाना प्रभारी ने बताया कि 15 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे दुर्गा कॉलेज के पास प्रखर अवधिया नामक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर अवस्था में मेकाहारा हास्पिटल में दाखिल कराया गया। घटना के बाद घायल युवक ने अपने पिता विकास को घटना के संबंध में जानकारी दी कि वासु सोनी नामक युवक ने अपने अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर उस पर चाकू, पेचकस और स्टिक से हमला किया है। विकास ने इसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने वासु को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की, तो उसने अपने अन्य तीन नाबालिग साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने वासु की निशानदेही पर उसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है। इस हमले का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 118(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।






## निधन

### मुकेश तातेड़



**रायपुर।** भवानी डायग्नोस्टिक के पास फाफाडीह निवासी मुकेश तातेड़ का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 दिसंबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे उमेश, कमलेश तातेड़ के भाई और प्रवेश तातेड़ के पिता थे।

### सीमा शर्मा



**रायपुर।** ब्राह्मणपारा निवासी सीमा शर्मा का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे बसंत शर्मा की पत्नी और कांग्रेस नेता सुयश एवं शुभी की माता तथा अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा की भाभी थीं।

### चंद्रहास पटेल



**रायपुर।** दलदल सिवनी निवासी चंद्रहास पटेल का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दलदल सिवनी मुक्तिधाम में किया गया। वे उमाकांत पटेल के पुत्र और मीना पटेल के पति तथा देवेंद्र, दिनेश पटेल के भाई थे।

### रूपचंद हिंदुजा



**रायपुर।** महावीर नगर निवासी रूपचंद हिंदुजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विक्की हिंदुजा के पिता थे।

# अब केक कारोबारी एफडीए के निशाने पर, पांच दुकानों से उठाए गए 17 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

पनीर और मिठाइयों के बाद केक तथा बेकरी कारोबारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निशाने पर आ गए हैं। क्रिसमस और न्यू ईयर का हवाला देकर जांच टीम ने पांच बड़ी दुकानों की जांच कर 17 नमूने लिए हैं। जांच के दौरान समता कालोनी के शॉप के उत्पाद को सप्ताहभर के लिए प्रतिबंधित किया है। साथ ही दुकानदारों को व्यवस्था में सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया है। अफसरों ने हवाला दिया है कि क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए काफी संख्या में केक काटे जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को शहर और आसपास संचालित होने वाली बेकरी एवं केक बनाने वाले संस्थानों को जांच के दायरे में लाया।

जांच टीम ने मालवीय रोड के ए-1 बेकरी, मालवीय रोड में जांच के बाद स्पंज केक और ब्रेड का नमूना उठाया। साथ ही कटोरातालाब के ओवेन शेफ से लूज केक का विधिक नमूना लिया गया एवं सुधार सूचना का नोटिस प्रेषित किया गया। बलौदाबाजार रोड स्थित ग्राम जरौदा के आरना बेकर्स प्रा. लिमिचेड से चॉकलेट कूकीज, कोकोनट कूकीज, अजवाइन कूकीज एवं मिल्क रस्क टोस्ट, प्लेन रस्क टोस्ट, लूज मैदा का विधिक नमूना लिया गया। इन्हें उत्पादन प्रक्रिया में सुधार के लिए नोटिस भी थमाया है।

कोटा के मैड बेकर्स से डबल चोको चिप्स कूकीज एवं लूज ड्राई वेनिला केक का विधिक नमूना लिया गया एवं सुधार सूचना का नोटिस प्रेषित किया गया। इसके अलावा टीम ने समता कालोनी के लक्ष्मी फूड प्रोडक्ट से केक मिक्स, शुगर बॉल्स, जीरा कूकीज, बटर लच्छा कूकीज का सैंपल लिया। फर्म की मशीनरीज को अस्वास्थ्यकर परिस्थिति को देखते हुए एक सप्ताह के लिए सील किया गया है। अफसरों के अनुसार सभी कार्रवाई में बेकरी से संबंधित 15 विधिक एवं 02 सर्विलांस नमूना लिया गया है।

### क्रिसमस और न्यू ईयर के मद्देनजर जांच पर जोर



#### एनालॉग का लाइसेंस फिर भी जब्ती

पिछले दिनों खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने एनालॉग पनीर का सैंपल उठाया था, इस पर व्यापारियों ने सवाल खड़ा किया है। उनका तर्क है कि जब भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा एनालॉग पनीर बनाने का लाइसेंस दिया जाता है, तो वह गलत कैसे है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जांच और सैंपल उठाने के नाम पर उन्हें नाहक परेशान कर रही है। विभाग या तो एनालॉग पनीर का निर्माण बंद करवाकर लाइसेंस निरस्त कर दे अथवा उन्हें जांच के नाम पर परेशान करना बंद कर दे।

## आरोपियों ने हनुमान जी की मूर्ति को तोड़ा

# धरमनगर में उत्पात मचाने वाले 5 गिरफ्तार, जेसीबी जब्त


धरमनगर में आधी रात जमकर उत्पात, हनुमानजी की प्रतिमा तोड़ी, गोठान तोड़ा, भीड़ ने घेरा थाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर के धरमनगर इलाके में हनुमान जी की मूर्ति और गोठान को तोड़कर उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी पारख अरिहंत भी शामिल है, जिसके कहने पर इस घटना को अंजाम दिया गया। इसके साथ पुलिस ने तोड़फोड़ में इस्तेमाल की गई जेसीबी मशीन को भी जब्त किया है।

### थाना घेराव के बाद हरकत में आई पुलिस

सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 1 बजे दर्जनभर लोग एक जेसीबी मशीन लेकर धरमनगर पहुंचे थे। इस दौरान लगभग आधा दर्जन लोग जेसीबी मशीन के जरिए धरमनगर के खाली प्लॉट पर बने चबूतरा और गोठान में जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने चबूतरा में विराजित हनुमान जी की मूर्ति तोड़कर उसे दूसरी जगह छोड़ आए, वहीं यहां अस्थाई रूप से बने गोठान को भी जेसीबी से तोड़कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के दौरान आरोपियों के अन्य साथी प्लॉट के दूसरी तरफ नकाब पहनकर तैनात थे, जो किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे, लेकिन जैसे ही मोहल्लेवासियों की भीड़ बाहर निकली, सभी लोग फरार हो गए। इस घटना के बाद गोठान का संचालन करने वाली नीतू सोनी ने आरोपियों में कुछ लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। थी। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### विडियो फूटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई

*धरमनगर में उत्पात मचाने का विडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। इस विडियो के फुटेज के आधार पर पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी अरिहंत पारख 31 वर्ष निवासी सिविल लाइन के साथ मोहित लखेर 32 वर्ष निवासी ग्राम मिरगौती थाना रामनगर सतना मध्यप्रदेश, हाल पता सड्डू पेट्रोल पंप के पास पंडरी, भूपेश केंवट 19 वर्ष निवासी संजय नगर सराईपाली जिला महासमुन्द हाल पता सड्डू पेट्रोल पंप पंडरी, गणेश कुर्रे 20 वर्ष निवासी ग्राम सकरी जिला सक्ती हाल पता सड्डू पेट्रोल पंप के पास पंडरी तथा जेसीबी चालक मेहराब खान 21 वर्ष निवासी ग्राम बिछोर थाना पुनहाना हरियाणा हाल पता फुंडहर चौक माना शामिल है। इन सभी के खिलाफ धारा 298, 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।*

# अवैध उत्खनन-परिवहन पर विभाग ने कसा शिकंजा, 6 दिन में रेत-मुरुम से भरी 27 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर जिला के खनिज विभाग में नए अफसर के आते ही विभाग ने खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताहभर में जिले में रेत और मुरुम से भरी 27 हाईवा गाड़ियों को अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया है। इसी प्रकार एक खदान में अवैध उत्खनन में संलिप्त एक चेन माउंटेन मशीन को भी जब्त किया गया है।

खनिज विभाग में उप संचालक के रूप में राजेश मालवे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके आने के बाद से विभाग की टीम दिन के साथ रात में भी गश्त पर निकल रही है। 12 से 16 दिसंबर के दौरान टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में रात के समय में निरीक्षण करते हुए 27 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा है। इन गाड़ियों में करीब 24 रेत से भरी हुई और 3 मुरुम से भरी हुई थी। इसी प्रकार टीम ने ग्राम कुम्हारी आरंग स्थित रेत खदान में अवैध उत्खनन के मामले में एक चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया है। जब्ती के बाद गाड़ियां संबंधित क्षेत्र के थानों के सुपुर्द की गई थीं।

### लगातार की जाएगी कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देश के तहत जिले में अवैध खनिज सामग्री के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए टीम को रात में भी निरीक्षण में भेजा जा रहा है।

- **राजेश मालवे**, उपसंचालक खनिज विभाग रायपुर



### 9 लाख 70 हजार रुपए की कमाई

इस कार्रवाई में गाड़ियों के साथ कुछ जगहों पर अवैध रेत भंडारण के मामले भी पकड़े गए हैं। इस तरह सभी मामलों में 9 लाख 70 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। इस तरह समझौता राशि लेकर पकड़ी गई गाड़ियों को छोड़ा गया, वहीं भंडारण की गई रेत को संबंधित गांव के सरपंच के सुपुर्द किया। इस टीम में सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव, स्तुति निगम, खनिज निरीक्षक जागृत गायकवाड़, खनिज सर्वेयर रघुनाथ भारद्वाज सहित अन्य शामिल थे।








शहर के गिरजाघरों में क्रिसमस सेलिब्रेशन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां चरनी बनाई जा रही है, जिसमें प्रभु यीशु के जन्म के दृश्य को दर्शाया जा रहा है, ताकि लोग उनके आगमन और विनम्र जन्म को याद कर सकें। यह क्रिसमस सिलेब्रेशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां ख्रीष्ट जन्मोत्सव आराधना में यीशु मसीह के जन्म की कहानी, कैरोल गायन और बाइबिल के पवित्र पाठ सहित क्रिसमस जलसा, नौ पाठ की आराधना, प्रभु भोज की आराधाना, मिड नाइट आराधना, क्रिसमस रैली, वॉच नाइट सर्विस, खेलकूद, प्रीति भोज जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी हो चुकी है।

# जिंगल बेल्स जिंगल बेल्स जिंगल आल द वे...

# क्रिसमस-डे सेलिब्रेशन को लेकर सजने लगे गिरजाघर

## 25 दिसंबर क्रिसमस-डे की धूम, उत्साह व आनंद से मनाने तैयारियों में जुटे लोग



**रायपुर।** क्रिसमस को लेकर चर्च में रिहर्सल भी प्रारंभ हो चुका है। क्रिसमस जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है राजधानी में 'जिंगल बेल्स, जिंगल बेल्स, जिंगल आल द वे' गीत हर किसी की जुबान पर छाने लगा है। इस विशेष दिन को लेकर लोगों ने लगभग तैयारियां पूरी कर ली हैं। यीशु के जन्म की खुशी में क्रिसमस ट्री को सजाया जाता है, जो जीवन और आशा का प्रतीक है। इस पर तारे, लाइट्स और उपहार सजाए जाते हैं। क्रूस को सजाने के लिए पारदर्शी सफेद कपड़े, मोमबत्तियां और फूल लगाए जाते हैं, जो यीशु के जन्म का प्रतीक है। लोग धन्यवाद और मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रार्थनाएं करते हैं। क्रिसमस की सुबह लोग चर्च जाकर प्रभु यीशु की आराधना करते हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस उत्साह से मनाया जाएगा।

### रंग-रोगन के साथ सजने लगे चर्च

प्रभु यीशु के स्वागत के लिए गिरजाघर सजाए जा रहे हैं। साथ ही प्रार्थनाएं भी शुरू हुई हैं। रंग-रोगन का काम लगभग समाप्त हो चुका है। सुबह व शाम के सेलिब्रेशन किए जा रहे हैं। घरों में क्रिसमस ट्री सहित सजावट के सामान और रोशनी की जा रही है। रात के समय ग्रुप के रूप में कैरोल सिंगिंग से जीसस के आने की खुशियां मनाने निमंत्रण दिए जा रहे हैं। बच्चों को भी इंतजार है कि सांता क्लास उन्हें गिफ्ट देने आएंगे।





### आज से 1 जनवरी तक विविध कार्यक्रम

*आज सेंटपॉल चर्च प्रांगण में सुबह 11 बजे वस्त्र वितरण का कार्यक्रम रखा गया है, जिसके संयोजक पल्लवी मिंज सदस्य महिला सभा होंगी। वहीं, शाम 6 बजे राजा तालाब में क्रिसमस जलसा का आयोजन किया गया है, जिसके संयोजक स्वाति सालोमन एवं सह संचालक बिजॉय डेविड होंगे। 21 दिसंबर को सुबह 9 बजे चर्च में नौ पाठ की आराधना, प्रभु भोज की आराधाना एवं सुबह 11 बजे क्रिसमस रैली, क्रिसमस जलसा शाम 6 बजे भावे नगर, 24 दिसंबर शाम 6.30 बजे क्रिसमस संडे स्कूल, रात्रि 11 बजे मिड नाइट आराधना, 25 दिसंबर सुबह 9 बजे ख्रीष्ट जन्मोत्सव आराधना, 27 व 29 दिसंबर दोपहर 2 बजे खेलकूद, 28 दिसंबर सुबह 9 बजे रविवारीय आराधना, 31 दिसंबर शाम 7 बजे पारितोषिक वितरण, वॉच नाइट सर्विस शाम 7 बजे, 1 जनवरी सुबह 9 बजे नूतन वर्ष आराधना, दोपहर 12 बजे प्रीति भोज आदि विविध आयोजन किए जाएंगे।*

### क्रिसमस ट्री, ग्रीटिंग कार्ड्स व क्रेटिव सामान की खूब बिक्री

*क्रिसमस को लेकर शहर के बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। क्रिसमस ट्री, प्रभु यीशु के जन्म की आकर्षक तस्वीरें, ग्रीटिंग कार्ड्स बेचे जा रहे हैं। रेड और व्हाइट ड्रेस के अलावा सुनहरे ड्रेस में भी सांता क्लाज के टाप हैं। क्रिसमस पर्व को ध्यान में रखकर ही दुकानदारों ने बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक का क्रेटिव सामान रखे हैं।*

---

**सिटी लाइव**

# दिव्यांगों का स्किल डेवलपमेंट करने कल से निशुल्क शिविर



**रायपुर।** महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन (मीसो) एवं छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 23 दिसंबर तक मूक बधिर और दृष्टिबाधित बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में राष्ट्रीय स्तर का विशाल स्किल डेवलपमेंट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से करीब 1200 दिव्यांग शामिल होंगे। यह शिविर दिव्यांगों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। पत्रकार वार्ता में यह जानकारी छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया एवं मीसों के संयोजक मोतीचंद बरड़िया, सह-संयोजक केके नायक, अश्विन दोषी, मनोज कोठारी ने दी। शिविर में पूरे देश से लगभग 1100 मूक-बधिर व 100 दृष्टिबाधित (दिव्यांग) बच्चों को विभिन्न ट्रेनर्स द्वारा तकरीबन योग्यतानुरूप 72 प्रकार का कौशल सिखाया जाएगा।

### 72 से ज्यादा विधाओं को सिखाएंगे प्रशिक्षक

उन्होंने बताया कि इसे सीखकर वे स्वावलम्बी बनें और उस कला को बतौर रोजगार अपना सकें, इसके लिए 25वां आयोजन संस्था द्वारा किया जा रहा है। इसके माध्यम से बच्चों को मार्केटिंग के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाता है। संस्था द्वारा मार्केटिंग में मदद भी की जाती है। शिविर में बच्चों को आर्गेनिक साबुन, फेसवॉश, फिनाइल, हैंडवॉश, बाटल आर्ट, माला, दीया और बाती, माटी कला, नेल आर्ट, झाड़, वायपर, लिप्पन आर्ट, मोप मेकिंग, प्रिंटर रिफिलिंग जैसे 72 से ज्यादा रोजगारोन्मुखी कौशल सिखाया जाएगा। पूर्व में संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांग प्रतिमाह 15 हजार से 20 हजार रुपए कमाते हुए सम्मान का जीवन जीते हैं।

---

# खेल-मस्ती और कैफे का मेल लोगों को मिलेगा नया अनुभव

**रायपुर।** 'सोमरसॉल्ट रायपुर' एक ऐसा जगह है, जहां बच्चों और परिवार के लोगों को खेल और शानदार डाइनिंग का मज़ा एक ही जगह मिलता है। दुनिया के बड़े इंटरनेशनल एम्यूजमेंट सेंटर्स से प्रेरित 11,000 वर्गफीट एरिया में फैला हुआ यह सेंटर खेलों की एक ऐसी इमर्सिव दुनिया पेश करता है, जो बच्चों को खेलने, सीखने और कल्पना शक्ति को बढ़ाने का भी मौका देता है। इसे निशित जैन और साक्षी पोद्दार द्वारा शुरू किया गया है। उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि यहां का मुख्य आकर्षण सुपर रुनियो 2.0 एडवेंचर ज़ोन, जिसमें स्लाइड्स, वोल्केनों क्लाइम्ब, बॉल पिट्स, ग्राउंड जिप लाइन निंजा व ऑब्स्टेकल कोर्स और छोटे बच्चों के लिए खास प्ले एरिया तैयार किया गया है। बच्चों और बड़ों के लिए बनाई गई मिनी बॉलिंग एलिज़ भी है।

### क्रिएटिव तरीके से खेलना सीख सकेंगे




उन्होंने बताया कि यहां पूरा परिवार साथ में खेल का आनंद ले सकता है। इस सेंटर की सबसे खास पेशकश है 'स्काई फॉल' जो भारत में पहली बार पेश किया गया है। सुरक्षित और रोमांच से भरा वर्टिकल ड्रॉप एक्सपीरियंस लोगों को मिलने वाला है। इसके साथ ही यहां एक अत्याधुनिक रोल प्ले कॉर्नर भी है, जहां बच्चे कहानी गढ़ना, रोल प्ले करना और क्रिएटिव तरीके से खेलना सीख सकेंगे। सीसीटीवी की निगरानी और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ यह जगह बच्चों और माता-पिता के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। खेल के साथ खाने-पीने का भी पूरा ध्यान रखा गया है, ताकि लोग विविध व्यंजनों का लुत्फ भी ले सकें।

---

# दो दिन रोटेरियन्स का लगेगा महाकुंभ संगम मित्रों का थीम बेस्ड कॉन्फ्रेंस

**रायपुर।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल अमित जायसवाल एवं डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस 'संगम मित्रों का' आयोजन होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए अब तक 1100 से अधिक रोटरी मेंबर्स ने अपना पंजीयन करवाया है। सभी रोटेरियन 19 दिसंबर को सुबह से आयोजन का हिस्सा बनेंगे। उक्त जानकारी रोटरी डिस्ट्रिक्ट के मीडिया चेयरमैन नितिन जैन, को-चेयरमैन पंकज माहेश्वरी, सुनील क्याल, मनोज राय, सुनील दुबे एवं सहिंता चंद ने संयुक्त रूप से दी। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस की पूर्व संध्या पर 19 को रोटरी डिस्ट्रिक्ट के प्रमुख आधार स्तंभों का वक्तव्य होगा। इसमें उद्योगपति, शिक्षाविद एवं समाजसेवी शामिल होंगे।

### 21 को नया प्रांतपाल चुनने रोटेरियन्स करेंगे वोटिंग

नए व्यावसायिक गठजोड़, आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देने तथा नई व्यावसायिक संभावनाओं की तलाश पर विशेष फोकस रहेगा। वहीं, 20 दिसंबर को डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ होगा। 21 को 100 से अधिक रोटेरियन्स वोटिंग के माध्यम से नया प्रांतपाल चुनेंगे। डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने के लिए आयोजक रोटरी क्लब धमतरी के अध्यक्ष मनीष मित्तल, सचिव अर्पित जैन, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी अजित खंडेलवाल, सोमनाथ अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, कॉन्फ्रेंस के चैयरमैन सलज अग्रवाल के साथ सभी असिस्टेंट गवर्नर, सिटी कोऑर्डिनेटर और 100 से अधिक रोटरी क्लबों के अध्यक्ष एवं सचिव सहित पूरी डिस्ट्रिक्ट टीम कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान करेगी।

---

**इवेंट लाइव**

# दंत चिकित्सा कॉलेज में प्रवाह थीम पर सजाया वार्षिकोत्सव



**रायपुर।** प्रदेश के इकलौते शासकीय दंत चिकित्सा कॉलेज में 6 दिवसीय प्रवाह 2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। वहीं, समापन अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य और सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक महस्के एवं डॉ. पीके पात्रा कुलपति पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी की मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि ने उल्लेखनीय कार्यों एवं योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि हम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विजन 2047 को लेकर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि विद्यार्थी अपने चिकित्सकिय ज्ञान, कौशल और सेवा भाव के माध्यम से समाज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेंगे। साथ ही 'स्वस्थ छत्तीसगढ़-सशक्त भारत' के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे।



### खेलकूद, चित्रकला, नृत्य और संगीत रहा आकर्षण

उन्होंने कॉलेज में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं कॉलेज में चिकित्सकीय एवं कार्यालयीन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। 6 दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रवाह 2025 में खेलकूद, चित्रकला, नृत्य, संगीत जैसी कई प्रतिस्पर्धाओं का सफल आयोजन किया गया। समापन समारोह के दिन कॉलेज के छात्र, छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्यों एवं गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न तीज- त्योहारों, संस्कृति एवं परंपराओं को लेकर दी गई थीम बेस्ड प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। अंत में प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र वाढेर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रवाह के सफल आयोजन के लिए सभी छात्रों एवं आयोजन समिति को बधाई दी।

---

**कॉर्नर न्यूज**

### एनआईटी में 13वें आईईईई आईएसईडी-2025 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हो रहे देश-विदेश के शिक्षाविद

# ऑकलैंड के प्रोफेसर ने कहा, नई जनरेशन को पुस्तक की जगह स्क्रीन से मिल रहा ज्ञान, पर उनमें एकाग्रता की क्षमता घटी

**रायपुर।** एनआईटी में 13वें आईईईई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'इंटेलिजेंट सिस्टम्स एंड एंबेडेड डिज़ाइन (आईएसईडी-2025)' का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन की थीम 'जनरेटिव एआई और आईओटी डिवाइसेज़' है। यह संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 17 से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। इसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन में यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड, न्यूज़ीलैंड के प्रो. पार्थ रोप ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए ज्ञान प्राप्ति के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले ज्ञान पुस्तकों से मिलता था, जबकि आज मोबाइल स्क्रीन से मिल रहा है। इससे ज्ञान तक पहुंच आसान हुई है, लेकिन ध्यान अवधि कम हुई है। वहीं, एनआईएसटी विश्वविद्यालय बेरहामपुर, ओडिशा के कुलपति प्रो. प्रियदर्शन पात्रा ने कहा कि यह सम्मेलन केवल मेट्रो या टियर-1 शहरों तक सीमित न रहकर, टियर-2 शहरों में अनुसंधान संस्कृति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सॉफ्टवेयर के साथ-साथ हार्डवेयर पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। एनआईटी रायपुर के प्रो. एनवी रमना राव ने कहा कि सम्मेलन की थीम का उपयोग ऑटोनोमस वाहन, एम्बेडेड सिस्टम डिज़ाइन, मशीन लर्निंग, स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्मार्ट सिटी जैसे क्षेत्रों में व्यापक रूप से हो रहा है। अनुभा गुप्ता ने भारत की तकनीकी प्रगति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री के कथन 'भारत केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि तकनीक का अग्रदूत बन रहा है' का उल्लेख किया।





### 'जनरेटिव एआई और आईओटी डिवाइसेज़' को बताया

कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन और अतिथियों के स्वागत के बाद कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनुवर्धन ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य शोधकर्ताओं को एक उच्च गुणवत्ता वाला मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने शोध कार्य साझा कर सकें। डॉ. प्रदीप सिंह ने सम्मेलन की थीम 'जनरेटिव एआई और आईओटी डिवाइसेज़' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी प्रगति में महत्वाकांक्षा के साथ-साथ नैतिकता का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। अपने संबोधन में डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया ने कहा कि सम्मेलन को बड़ी संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्राप्त हुए हैं और यह आयोजन प्रतिभागियों के लिए सीखने एवं सहयोग का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

### देश-विदेश के शिक्षाविद व शोधकर्ता हुए शामिल

सम्मेलन को एएनआरएफ, इंडियन कौंसिल ऑफ़ वर्ल्ड अफेयर्स और सीएसआईआर -इंडिया द्वारा वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ है। पहले दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनआईएसटी विश्वविद्यालय बेरहामपुर, ओडिशा के कुलपति प्रो. प्रियदर्शन पात्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड, न्यूज़ीलैंड प्रो. पार्थ रोप, विशेष अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. टीवी विजय कुमार एवं यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के प्रो. सिबा के. उद्गाता उपस्थित रहे। इसके साथ ही भारतीय वैश्विक परिषद की प्रतिनिधि अनुभा गुप्ता की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव, सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया सहित, कॉन्फ्रेंस चेयरमैन डॉ. प्रदीप सिंह, आयोजन समन्वयक डॉ. मनु वर्धन, डॉ. जीतेन्द्र के. राउत, डॉ. दीपक सिंह, प्राध्यापकगण एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### मानव और मशीन एक-दूसरे के पूरक

प्रो. सिबा के. उद्गाता ने कहा कि कंप्यूटिंग के क्षेत्र में प्रामाणिक डेटा की उपलब्धता और भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान विकसित करना दो प्रमुख चुनौतियां हैं। उन्होंने स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए वैश्विक मानकों को अपनाने पर जोर दिया। प्रो. टीवी विजय कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि मशीनें मानव का स्थान नहीं ले सकतीं, बल्कि मानव और मशीन एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

सिटी लाइव

## आयुर्वेदिक कॉलेज में आज से शुरू होगा मेगा हेल्थ कैंप

**रायपुर।** आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में 18 दिसंबर से मेगा हेल्थ कैंप का आगाज होगा। विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में 40 से अधिक अस्पताल और देशभर के सुपरस्पेशलिस्ट इससे जुड़ेंगे। वहीं, सीएम विष्णु देव साय इसका उद्घाटन करेंगे। यह भव्य स्वास्थ्य शिविर 05 दिनों तक जारी रहेगा। यह शहर के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा से जोड़ने वाला ऐतिहासिक कैंप साबित होगा। पश्चिम के विधायक श्री मूणत ने बताया कि इससे पूर्व आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में पांच विशाल स्वास्थ्य शिविरों की सफलता ने वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया था। उसी विश्वास एवं आशीर्वाद को आधार बनाते हुए इस वर्ष का आयोजन और अधिक व्यापक, आधुनिक एवं सुविधायुक्त बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शासन के सभी संबंधित विभाग इस सेवा अभियान में मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कई सामाजिक संस्थाएं भी सक्रिय रूप से सहभागी बन रहे हैं।

### देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट कैंप में देंगे सेवा

उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे। विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके भी आयोजन का हिस्सा बनेंगे। वहीं, लोगों को स्वास्थ्य सेवा देने के लिए दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर इस शिविर में उपस्थित रहेंगे, ताकि किसी भी व्यक्ति को बड़े महानगरों की यात्रा किए बिना परामर्श और उपचार मिल सके।

● शहर में होम गार्डनिंग के शौकीन गमले की जगह ग्रो बैग में आसानी से उगा रहे मनपसंद पौधे

# छत और बालकनी में कम लागत में ग्रो-बैग में उगाए पौधे, गमले की नहीं पड़ेगी जरूरत

छत और बालकनी में कम लागत में गार्डनिंग के लिए ग्रो बैग्स का उपयोग बढ़ा है, क्योंकि ये हल्के, सस्ते होते हैं और गमलों की जगह ले लेते हैं, जिससे सब्जियां, फूल और जड़ी-बूटियां आसानी से उगा सकते हैं। शहर के जाने-माने बागवानी विशेषज्ञ और टेरिस, होम गार्डन एक्सपर्ट आयुष साहू का बताते हैं कि ग्रो बैग छत या बालकनी जैसे होम गार्डनिंग के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनकर उभरा है।



**रायपुर।** खाद के पुराने कट्टे या आटे के पैकेट का इस्तेमाल कर सकते हैं, नीचे छेद करें, ताकि पानी निकल जाए और मिट्टी-खाद के मिश्रण (कोकोपीट, गोबर की खाद, मिट्टी, नीम खली) से भरें, जिससे बिना ज्यादा खर्च के अच्छी पैदावार मिलेगी। ग्रो बैग्स के फायदे यह है कि होम गार्डनिंग के लिए महंगे गमलों की जरूरत नहीं, सस्ते या मुफ्त में भी मिल जाते हैं। यह छत या बालकनी पर आसानी से उठाए जा सकते हैं। वहीं पौधों की जड़ों को सांस लेने और बढ़ने के लिए अच्छी जगह मिलती है। इससे सिंचाई के दौरान अतिरिक्त पानी निकल जाता है, जिससे जड़ें सड़ती नहीं हैं और मिट्टी में नमी बनी रहती है।



### किचन उपयोगी की पौधे रोपे

ग्रो बैग में किचन के लिए उपयोगी प्लांट में सब्जियों की पौधे जैसे पालक, टमाटर, फ्रेंच बीन्स, मिर्च, धनिया रोप सकते हैं। वहीं फूल के पौधों में गुलाब, मोगरा, रात की रानी, गेंदा। वहीं जड़ी-बूटियों में पुदीना, तुलसी, एलोवेरा के अलावा छोटे फल माल्टा जैसे पौधे भी लगा सकते हैं।

### पौधे रोपने इस तरह से तैयार करें ग्रो बैग

बागवानी विशेषज्ञ के मुताबिक पौधे रोपाई से पहले कंटेनर तैयार करने ग्रो बैग, खाद या आटे का खाली बोरी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इनमें नीचे पानी निकलने के लिए छेद कर लेना चाहिए। फिर मिट्टी का मिश्रण बनाने इसके लिए मिट्टी, कोकोपीट, गोबर की खाद (वर्मी कम्पोस्ट), नीम खली, बोन मील, सरसों की खली का मिश्रण तैयार कर कंटेनर में भर लें। बड़े बैग के लिए, नीचे गार्डन का कचरा (पत्तियां, कार्डबोर्ड) भरें, फिर मिट्टी डाल सकते हैं।



### ऐसे करें देखभाल

बागवानी विशेषज्ञ नीलम वर्मा का कहना है कि पानी तभी दें, जब मिट्टी सूखी लगे, ग्रो बैग्स को गमलों से ज्यादा पानी की जरूरत पड़ सकती है। नियमित रूप से खाद (कम्पोस्ट) डालें। इस तरह आप कम बजट में अपनी छत या बालकनी को हरा-भरा बना सकते हैं और ताजी सब्जियां, फूल उगा सकते हैं।

लाइव इवेंट

## इंडियन वैल्यूअर्स कांग्रेस का आज से शुरू होगा आयोजन



**रायपुर।** भारत के वैल्यूएशन प्रोफेशन से जुड़ा प्रतिष्ठित और राष्ट्रीय आयोजन होने जा रहा है। इंडियन वैल्यूअर्स कांग्रेस का 56वां संस्करण 18 से 20 दिसंबर तक पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। यह पहला अवसर है, जब राष्ट्रीय स्तर के बौद्धिक, पेशेवर एवं नीति-संवाद आधारित सम्मेलन की मेजबानी रायपुर करने जा रहा है। संस्थान ऑफ वैल्यूअर्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कांग्रेस में देशभर के पंजीकृत वैल्यूअर्स, बैंकिंग व वित्तीय संस्थानों के अधिकारी, शिक्षाविद, नीति-निर्माताओं एवं उद्योग विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करने जा रहा है।

### आयोजन को सफल बनाने संभाल रहे व्यवस्था

आयोजन समिति के अध्यक्ष एसके अग्रवाल, आईओवी के शाखा अध्यक्ष राजीव नूना एवं सचिव प्रकाश अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सक्रिय सदस्य राकेश गुप्ता, आनंद शर्मा, विपिन शर्मा, डॉ. तविंदर पाल सिंह अरोड़ा और हरीश पुरोहित आयोजन को सफल बनाने व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। यह कांग्रेस संस्थान ऑफ वैल्यूअर्स के नेशनल प्रेसिडेंट थियागराजन एवं जनरल सेक्रेटरी विनय गोयल के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त नेतृत्व और दिशा निर्देश प्राप्त हो रहा है। आईवीसी 2025 में कई महत्वपूर्ण विषय शामिल होंगे।

## श्रीमद् भागवत कथा से पहले महिलाओं ने भक्तिभाव से निकाली कलश यात्रा

**रायपुर।** तेलीबांधा में बुधवार सुबह भक्तिभाव से श्रीमद् भागवत कथा स्थल से महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। वेदी पूजन व कलश यात्रा के साथ भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश, मुख्य यजमान भगवान और पुराण को धारण करके आसपास के मंदिर व चौक से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। जहां वेदी पूजन का विधान अशोक शर्मा और संजय शर्मा ने किया। कथावाचक पंडित मनोज शुक्ला, अब व्यासपीठ से सात दिनों तक भगवान की कथाओं का वर्णन करेंगे। कथा के पहले दिन महाराज ने धुंधकारी और गौकर्ण प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मनुष्य को धुंधकारी जैसा पापी दुराचारी नहीं, बल्कि गौकर्ण जैसा भक्त और संस्कारी होना चाहिए। मनुष्य को पंचविकार से बचना चाहिए।



### बड़ा होते ही धुंधकारी कुकर्म करने लगा



धुंधली ने संतान जन्म के समय होने वाले कष्ट से मुक्ति पाने के लिए उस फल को अपने गाय को खिला दिया और खुद गर्भवती होना झूठ बोलकर अपने बहन के यहां जाकर रहने लगी। समय गुजरने पर उसके बच्चे को अपना बताकर ले आई, उसका नाम धुंधकारी रखा। इधर उसकी गाय ने भी एक बच्चे को जन्म दिया। जिसका कान बस गाय के जैसे बाकी शरीर मनुष्य की तरह था, इसलिए इसका नाम गौकर्ण रखा गया। थोड़ा बड़ा होने पर धुंधकारी कुकर्म करने लगा और अपने माता पिता का नाम, कुल का नाम नष्ट करने लगा। इधर, गौकर्ण प्रभु सेवा, साधु- संतों की सेवा में लग गया और जप- तप करने बाहर चला गया। महाराज ने पहले दिन की कथा में धुंधकारी और गौकर्ण के प्रसंग को श्रोताओं के बीच सुनाया।

### बहुत ही श्रेष्ठ व बुद्धिमान संतान की प्राप्ति होगी

धुंधकारी की कथा ही मनुष्य को सचेत रहने की प्रेरणा देती है कि, मनुष्य काम, क्रोध, मोह, मद और मदसर जैसे पंच विकारों में पड़कर कैसे स्वयं और अपने कुल का नाश कर लेता है। वहीं, गौकर्ण ऋषियों और ब्राम्हणों के आशीर्वाद से अपने कुल को तारने का माध्यम बनता है। भागवताचार्य ने बताया कि किसी भी स्त्री को अपने पति के साथ छल नहीं करना चाहिए, नहीं तो उसका परिणाम सही नहीं मिलता। धुंधकारी के पिता बहुत ही श्रेष्ठ ऋषि थे। उन्होंने कठिन तपस्या करके एक फल लाकर अपनी पत्नी धुंधली को देते हुए कहा कि इस फल को खा लेना। इससे बहुत ही श्रेष्ठ व बुद्धिमान संतान की प्राप्ति होगी।

## देशभक्ति गीतों- कविताओं से बच्चों ने सजाया विजय दिवस

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में बुधवार को मार्निंग असेंबली में विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे सेना के जवानों के ड्रेस कोड में पहुंचे। उन्होंने आकर्षक मार्च पास्ट के साथ तिरंगे को सलामी दी और वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विजय दिवस को देशभक्ति के जज्बे से सराबोर किया। मार्निंग असेंबली इंचार्ज रेणुका शुक्ला ने बताया कि शिक्षक विवेक सिंह राजपूत ने बच्चों को विजय दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत के जवानों के सामने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने हथियार डाल दिए थे। भारत ने आज के ही दिन बांग्लादेश को स्वतंत्र करवाया था।



### गुरुओं ने बताई विजय दिवस की महत्ता

*हम भारतवासियों के लिए यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाला है। इसके बाद गीतों और कविताओं की प्रस्तुति देते हुए छात्र-छात्राओं ने लोगों को उत्सव जैसा माहौल दिया। इस दौरान प्रथम बहसवार और फैसल खान ने देश के सम्मान में कविता प्रस्तुत करते हुए खूब तालियां बटोरीं। सुहानी हथिनी ने सुविचार और अभिषेक गुप्ता ने असेंबली कंडक्ट किया। इस अवसर पर सहपाठियों ही नहीं, बल्कि गुरुओं ने भी उनकी हौसला अफजाई की। करीब तीन घंटे चले इस आयोजन का लुत्फ सभी ने उठाते हुए बच्चों की प्रस्तुति को सराहा।*

कैंपस इवेंट

## साइंस कॉलेज मैदान में आज से होगा स्वदेशी मेला का आगाज

**रायपुर।** भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला का भव्य आगाज 18 दिसंबर को किया जाएगा। शाम 07 बजे से साइंस कॉलेज ग्राउंड में होने वाले आयोजन के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। उद्घाटन समारोह विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अध्यक्षता, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, पश्चिम के विधायक राजेश मूणत एवं महापौर मीनल चौबे के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। स्वदेशी मेला के प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य और आकर्षक स्वरूप में दिया जा रहा है। मेले में 350 से भी अधिक स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल सजाए जाएंगे। जहां सुई से लेकर बड़े मशीनरी उपकरण लोगों को एक ही स्थान पर मिलने वाला है।

### प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक आयोजनों की भरमार

मेले में प्रतिदिन मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, समूह नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें प्रतिभागियों को मंच भी प्रदान किया जाएगा। स्वदेशी मेले में प्रदेश के साथ ही गुजरात, राजस्थान, पंजाब, ओडिशा, आंध्रप्रदेश सहित कई राज्यों की लोक संस्कृति, पारंपरिक नृत्य एवं खान-पान के विशेष स्टॉल लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होंगे। मंच पर रंगारंग लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। मेले में समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की संगोष्ठियां भी आयोजित की जाएंगी। इनमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपने विचार पेश करेंगे।

राजधानी में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह की तैयारी को दिया अंतिम रूप, आज दिनभर मनेगा चौतरफा उत्सव

कार्नर न्यूज

# पंथी नृत्य दल संग शौर्य प्रदर्शन करते युवा, बाबा गुरु घासीदास की अलख जगाने निकालेंगे शोभायात्रा

**रायपुर।** पंथी नृत्य दल के साथ शौर्य प्रदर्शन करते युवा, बाबा गुरु घासीदास की अलख जगाते हुए शहर में दोपहर दो बजे मोवा स्थित गुरुद्वारा भवन से शोभायात्रा निकालेंगे। मनखे- मनखे एक समान का संदेश देने वाले संत बाबा गुरु घासीदास के 269वें जयंती उत्सव की धूम गुरुवार को रहेगी। सुबह से गुरु की अमृतवाणी गुंजायमान होगी। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, शकुन डहरिया, महासचिव डॉ. जेआर सोनी, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चेतन चंदेल ने यह जानकारी दी। चेतन चंदेल ने बताया कि सतनामी समाज के लोगों में सबसे बड़े पर्व को लेकर काफी उत्साह है। घर-घर महिलाएं मुख्य द्वार को सुंदर रंगोली से सजाने के बाद दीप जलाएंगी। वहीं, परिवार के सदस्य गुरु गद्दी, जैतखाम व गुरुजी के छायाचित्र की विशेष पूजा-अर्चना करके परिवार के सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना करेंगे।




### सामाजिक समरसता में योगदान विषय पर संगोष्ठी

राजधानी में तेलीबांधा, मोवा, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, खमतराई सहित शहर में सैकड़ों सतनामी बाहुल्य क्षेत्रों में सूर्यास्त के पूर्व सभी पवित्र जैतखामों में सफेद पालो (झंडा) चढ़ाया जाएगा। इस दौरान पंथी नृत्य की धूम रहेगी। दोपहर 02 बजे गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में साहित्यकार डॉ. जे.आर. सोनी के संयोजन में मनखे -मनखे एक बरोबर, विश्व बंधुत्व सामाजिक समरसता में योगदान विषय पर संगोष्ठी होगी। इसमें शहर के जाने-माने साहित्यकार वक्तव्य देंगे। इसके अलावा खमतराई और तेलीबांधा में भी दिनभर उत्सव की धूम रहने वाली है। इसके लिए आयोजकों ने तैयारी की है।

### शोभायात्रा में शामिल होंगे समाज के सैकड़ों लोग



सतनाम महिला सेवा समिति आदर्श नगर मोवा द्वारा दोपहर दो बजे गुरुद्वारा भवन से शोभायात्रा निकाली जाएगी। सात श्वेत ध्वज वाहकों की अगुवाई में समाज के सैकड़ों लोग इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। इसमें धुमाल पार्टी के साथ जहां एक तरफ पंथी नृत्य दल आकर्षण का केन्द्र होगा, दूसरी तरफ युवाओं का दल शौर्य प्रदर्शन करते हुए शोभायात्रा में शामिल होंगे। इसकी जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्ष पुष्पलता जीएल ओबरे ने बताया कि शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मोवा ओवरब्रिज से वापस आयोजन स्थल आएगी। इसके बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और पार्षद देवदत्त द्विवेदी की मौजूदगी में जैतखाम में पालो चढ़ाया जाएगा। इसके बाद रात में सांस्कृतिक होंगे।

# युवती के आत्महत्या मामले में यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप, महिला आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमिटी यूनिवर्सिटी की एक युवती द्वारा आत्महत्या करने के मामले की सुनवाई बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में हुई। इस प्रकरण में मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि कॉलेज प्रबंधन की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी बेटी ने आत्महत्या की है, जिसे प्रबंधन दबाना चाहता है।

आयोग ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रायपुर और एसपी जगदलपुर को पत्र लिखकर इस मामले में अब तक की गई कार्यवाही की रिपोर्ट मांगी है। आयोग की



अध्यक्ष किरणमयी नायक ने रायपुर कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की। इस दौरान एमिटी यूनिवर्सिटी की एक युवती द्वारा आत्महत्या के प्रकरण में भी सुनवाई की गई। इस सुनवाई में आवेदिका जो मृतका की मां है, ने कॉलेज प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि उसकी प्रताड़ना के कारण ही उसकी बेटी ने आत्महत्या की है, साथ ही प्रबंधन इस मामले को दबाने का प्रयास भी कर रहा है। आयोग ने सुनवाई में कॉलेज के सभी पदाधिकारियों को भी उपस्थित होने का आदेश जारी किया था, लेकिन पदाधिकारी नहीं पहुंचे। इस सुनवाई में आवेदिका पक्ष की ओर से दस्तावेज पेश किए गए, जिसमें कुछ वीडियो व फोटो हैं। आवेदिका ने बताया कि उसकी बेटी का मोबाइल फॉरमेट हो चुका है। आयोग ने इस पर मोबाइल को फॉरेंसिंक एक्सपर्ट से जांच कराने का आदेश दिया है।

### हिस्से की राशि 1 लाख 48 हजार महिला को मिली

आयोग में एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने शिकायत की थी कि उसके पति की मृत्यु वर्ष 2013 में हो गई थी। इसके बाद उसके ससुराल की संयुक्त सम्पत्ति में 5 हिस्सेदार थे। संपत्ति को बेचने के बाद उसके हिस्से की राशि 1 लाख 48 हजार रुपए भी अनावेदक के खाते में थी, जिसे वह दे नहीं रहे थे। आयोग ने इस प्रकरण में अनावेदक पक्ष को आवेदिका को उसके हिस्से की राशि लौटाने का आदेश दिया था। इस आदेश के तहत अनावेदक पक्ष ने आयोग के समक्ष पूरी राशि आवेदिका को लौटाई।

## तीन दिनी पोलियो अभियान रविवार से टास्क फोर्स की हुई बैठक

**रायपुर।** पोलियो दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में पोलियो अभियान का आयोजन 21 से 23 दिसंबर तक किया जाएगा। अभियान के पहले दिन 21 को 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 22 व 23 दिसम्बर को पोलियो की खुराक से छूटे हुए बच्चों को घर घर जाकर खुराक दी जायेगी। अभियान के सुचारु संचालन को लेकर बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में राज्य स्तरीय टीकाकरण टास्क फोर्स समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पल्स पोलियो अभियान में कोई भी बच्चा छूटने न पाए।

# पारदर्शिता की पहल, जोन की आधा दर्जन ट्रेनों में तत्काल टिकट में ओटीपी सिस्टम लागू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ आज से लागू होगी व्यवस्था दुर्ग-अंबिकापुर, अमरकंटक एक्सप्रेस में भी सुविधा

तत्काल टिकट की सुविधा जरूरतमंदों को दिलाने और गलत हाथों में जाने से बचाने के लिए ओटीपी सिस्टम लागू किया गया है। गुरुवार से दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे से संचालित आधा दर्जन ट्रेनों में तत्काल रिजर्वेशन इसी सिस्टम के माध्यम से मिलेगा। यह सुविधा दुर्ग-अंबिकापुर-दुर्ग और अमरकंटक एक्सप्रेस में भी लागू की गई है।

तत्काल टिकट की सुविधा इमरजेंसी में यात्रा करने वालों के लिए बनाई गई थी। धीरे-धीरे इस पर दलालों का कब्जा हो गया और वास्तव में सफर करने वाले यात्री इससे दूर हो गए। रेलवे प्रशासन ने इस व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए तत्काल टिकट बुकिंग में ओटीपी सिस्टम लागू करने की योजना प्रारंभ की। राजधानी सहित विभिन्न ट्रेनों में इसे लागू किया जा चुका है। गुरुवार से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित होने वाली आधा दर्जन ट्रेनों में यह व्यवस्था लागू होगी। पीआरएस काउंटरों में पातालकोट एक्सप्रेस अमरकंटक एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस, पंचवेली एक्सप्रेस, दुर्ग–अंबिकापुर एक्सप्रेस, अंबिकापुर–दुर्ग एक्सप्रेस में तत्काल टिकट ओटीपी सिस्टम से ही बुक होगा। अफसरों के अनुसार ओटीपी आधारित इस व्यवस्था के अंतर्गत, तत्काल टिकट बुकिंग के समय यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसे दर्ज करने के बाद ही टिकट बुक किया जा सकेगा। इससे फर्जी बुकिंग एवं अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा तथा वास्तविक यात्रियों को अधिक लाभ मिलेगा।

### फर्जी टिकट से तीन पकड़े गए

*हाल ही में नागपुर से गोंदिया जाने वालों में टिकट जांच के दौरान तीन यात्रियों को फर्जी टिकटों के साथ पकड़ा गया। जांच के दौरान जब यात्रियों में से एक ने उस दलाल से संपर्क करने का प्रयास किया, जिससे टिकट खरीदा गया था, तो फर्जीवाड़े का खुलासा होते ही दलाल ने तुरंत अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। इस मामले में जीआरपी, गोंदिया द्वारा रेलवे अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। तथ्य सामने आया है कि दलाल पीएनआर में छेड़छाड़ कर तथा टिकट पीडीएफ में हेरफेर करके ऐसे नकली टिकट तैयार करते हैं, जो सामान्य यात्री को पूरी तरह असली प्रतीत होते हैं। इस प्रकार की धोखाधड़ी न केवल यात्रियों को आर्थिक क्षति पहुंचाती है, बल्कि रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और संचालन को भी प्रभावित करती है। फर्जी टिकट के साथ यात्रा करते पाए जाने पर यात्री के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।*

## बिजनेस साइट

### रजत जयंती वर्ष में ग्वालानी डेंटल स्टूडियो का एआई आधारित निशुल्क दंत परामर्श शिविर हुआ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में (रजत जयंती वर्ष) ग्वालानी डेंटल स्टूडियो द्वारा बाबा गेलाराम जी के वरसी महोत्सव के अवसर पर गोडरीवाला धाम, देवपुरी, रायपुर में एआई तकनीक आधारित निशुल्क दंत परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया।

यह इस विशेष श्रृंखला का प्रथम शिविर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गोडरीवाला धाम की माता मीरा देवी जी ने किया। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष सतीश थोरानी, पार्षद अमर गिडवानी, दिलीप इसरानी, बढ़ते कदम संस्था से इंदर डोडवानी सहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में 500 से अधिक श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने दंत परामर्श लिया। शिविर की विशेषता एआई तकनीक रही, जिसके माध्यम से दांतों की जांच कर सेकंडों में व्हाट्सएप पर डिजिटल रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई। शिविर का नेतृत्व डॉ. उमा रोहरा ग्वालानी ने किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्षभर राज्य के 25 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

### डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने अस्मिता वुशु सिटी लीग में लहराया परचम





**रायपुर।** अस्मिता खेलो इंडिया वुशु सिटी लीग 2025 एवं ओपन वुशु जिला चैंपियनशिप का सफल आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा, रायपुर में संपन्न हुआ। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल, कोटा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में कक्षा पीपी-2 के हसन अबीर, कक्षा दूसरी की सिद्रा गौसिया, कक्षा तीसरी के जियाद अब्दुल्ला, हर्षिका रागड़े, युगल साहू, युवराज साहू तथा कक्षा पांचवीं की गरिमा साहू, ध्रुवी वर्मा एवं तेजस्वी निषाद ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं कक्षा पांचवीं की गाम्या लहरी एवं निशिता रागड़े ने रजत पदक हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या आशा विग ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विद्यालय के संचालक मिन्हाज असद, आतिर असद एवं जेबा असद सहित शिक्षकगण व अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# पेंशन ट्रस्ट में पर्याप्त राशि बनाए रखने होगी पहल, पांच वरिष्ठ पेंशनरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के सभा कक्ष में बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पेंशनर्स एकत्रित हुए। इस अवसर पर 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनर्स सुनील ओक, सिराजुद्दीन कुरैशी, एनपी मिश्रा, वामन राव डोंगरे, विपिन झा, आरएस कौशिक को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर ने कहा कि, पेंशन ट्रस्ट में पर्याप्त राशि जमा होने पर ही पेंशनर्स को निर्बाध रूप से पेंशन मिलती रहेगी। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग प्रमुख वीके अग्रवाल ने बताया कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने के मामले में



छत्तीसगढ पावर कंपनी देश में सबसे अव्वल है। पेंशनर्स और पेंशेट के हित के प्रति कंपनी सजग है।

इसी क्रम में वरिष्ठ अभियंता पीके खरे, वरिष्ठ श्रमिक नेता एनपी मिश्रा, सुरेंद्र शुक्ला ने कंपनी और कर्मचारी हित में एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में नवीन कुमार निगम, पूर्व महाप्रबंधक विजय मिश्रा 'अमित' योगेश नैयर, सुभाष चंद्र तिवारी, कैलाश नारायण शर्मा, डीके अंबष्ट, सतीश चंद्र वर्मा, और अमरकांत दुबे आदि शामिल थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला - **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न. **00015** **नगरगांव** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **RD202526440717500002**

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम नगरगांव के वर्तमान भूमिस्वामी शिवकुमार, संतराम, रामाधररा अवतार, रामदयाल, हृदयलाल पिता/पति कुमारी अंजनी नंदनी खेदननी पिता तुलाराम शामबती पता-बेवा तुलाराम के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 254/1(0.3600), 306/1(1.1820), 308(0.2830), 356/1 (0.3200), 615/1(0.0120), 777/1 (0.0080), 799 (0.0280), 1097/1 (0.4330) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गीता वर्मा पिता/पति तिजउ वर्मा पता सा. देह, नरेन्द्र वर्मा पिता/पति - तिजउ वर्मा पता सा. देह, चिंताराम वर्मा पिता/पति - तिजउ वर्मा पता-सा. देह, सविता वर्मा पिता/पति तिजउ वर्मा पता-सा. देह, मनीराम वर्मा पिता/पति तिजउ वर्मा पता-सा.देह, सुनिताबाई धुरंधर पिता/पति - तिजउ वर्मा पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदारः-**
**Ashok Kumar Janghel**
**तहसील- धरसीवा**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुखदेवी, पत्नी स्वर्गीय श्री बाबूराम, उम्र लगभग 80 वर्ष, निवासी- खासबारा को, कानपुर देहात, राजपुर, उत्तर प्रदेश (पिन-209115), यह स्पष्ट करती हूँ कि मेरे नाम के संबंध में कुछ दस्तावेजों में भिन्नता पाई गई है।

मेरे पुत्र जगजीवन राम के एन.टी.पी.सी. से संबंधित दस्तावेजों में मेरा नाम राजरानी, पत्नी स्व. श्री बाबूराम (**RAJRANI W/O LATE SHRI BABURAM**) अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य वैध दस्तावेजों में मेरा सही व वास्तविक नाम सुखदेवी, पत्नी स्व. श्री बाबूराम (**SUKHDEVI W/O LATE SHRI BABURAM**) दर्ज है।

यह सूचित किया जाता है कि राजरानी एवं सुखदेवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी अभिलेखों में मेरा नाम सुखदेवी, पत्नी स्व. श्री बाबूराम ही मान्य किया जाए।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

दिनांकः .....
स्थानः .......

**सूचना देने वाली**
**(सुखदेवी)**
**पत्नी स्व. श्री बाबूराम**

**आम सूचना**

(आवासीय मकान का प्लाट नं. एलआईजी-ई-97, रकबा 1250 वर्गफुट, खसरा नं. 296/195 ह जो कि मौजा टिकरापारा, शैलेन्द्र नगर, लेफ्टीनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड नं. 56 (पुराना 47), प.ह.न. 70 (पुराना 47), रा.नि.मं. रायपुर-11-टिकरापारा, तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. के सबंध मे)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती वंदना कोचर पति स्व. ललित कोचर, दीवांश कोचर, नमन कोचर, सयम कोचर सभी के पिता श्री स्व. ललित कोचर ने उपरोक्त उल्लेखित आवासीय आवासीय मकान को बेचने का पक्का सौदा कर कर लिया है। अब मात्र उपरोक्त सौदे शुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है । उपरोक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख को क्रेता श्री किशनचंद सोनी ने विक्रेता श्री महेन्द्र कुमार द्वारा आम. मुख्तयार श्री पुरूषोतम दास से दिनांक 13/07/1992 का दस्तावेज क्र. 6344 एवं इसके पूर्व पट्टा विलेख को श्री महेन्द्र कुमार ने पट्टादाता रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर से दिनांक 27/07/1991 का दस्तावेज क्र. 7682 देकर उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीकृत किया गया है। जिसकी मूल प्रति कही गुम हो गई है। उक्त गुमा पूर्व विक्रय विलेख एवं पट्टा विलेख के संबंध में सिटी कोतवाली थाना, जिला रायपुर में दिनांक 17/12/2025 को सुचना दी जा चुकी है।

अतः उपरोक्त वर्णित सव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 7 (सात) दिनों के भीतर मय दस्तावेज क साथ मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य समझी जावेगी। तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जानें।

स्थान-रायपुर दिनांक 17/12/2025

**भवदीय**
**आशुतोष मिश्रा (अधिवक्ता)**
**आफिस - एफ-3, मॉर्डन कॉम्पलेक्स, लालगंगा सिटी मार्ट के बाजू, रायपुर छ.ग. मो. 94255-48998**

**आम सूचना**

(आधिपत्य की आवासीय मकान का प्लाट नं. एलआईजी-ई- 98, रकबा 1250 वर्गफुट, खसरा न. 293/121 है जो कि मौजा टिकरापारा, शैलेन्द्र नगर, लेफ्टीनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड नं. 56 ( पुराना 47 ), प.ह.न. 70 (पुराना 47 ), रा.नि.मं. रायपुर - 11 - टिकरापारा, तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. के सबंध मे)


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री ओमप्रकाश सेठीया पिता स्व. शांति लाल सेठिया ने उपरोक्त उल्लेखित आवासीय आवासीय मकान को बेचने का पक्का सौदा कर कर लिया है। अब मात्र उपरोक्त सौदे शुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है। उपरोक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख को क्रेता श्री पुरूषोतम दास सोनी ने विक्रेता श्री खागेन्द्र प्रसाद से दिनांक 11/12/1986 का दस्तावेज क्र. 8369 को क्रय कर उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीकृत किया गया है। जिसकी मूल प्रति कही गुम हो गई है। उक्त गुमा पूर्व विक्रय विलेख एवं पट्टा विलेख के संबंध में सिटी कोतवाली थाना, जिला रायपुर में दिनांक 17/12/2025 को सुचना दी जा चुकी है।

अतः उपरोक्त वर्णित सव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 7 (सात) दिनों के भीतर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य समझी जावेगी। तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी । सो सूचना जानें।

दिनांक 17/12/2025
स्थान रायपुर

**भवदीय**
**आशुतोष मिश्रा (अधिवक्ता)**
**आफिस - एफ-3, मॉर्डन कॉम्पलेक्स, लालगंगा सिटी मार्ट के बाजू, रायपुर छ.ग.**
**मो. 94255-48998**
























## खबर संक्षेप



### वृंदावन हॉल में मनाया पेंशनर्स दिवस

रायपुर। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज द्वारा सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में बुधवार को पेंशनर्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ आठ पेंशनरों का शॉल, श्रीफल और पहचान चिन्ह व प्रमाण-पत्र के साथ सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वित्त विभाग के सेवानिवृत्त अपर सचिव सतीश पांडेय ने कहा कि प्रदेश शासन महंगाई भत्ता में राहत नहीं दे रही है और धारा 49 को विलोपित भी नहीं कर रही है। प्रदेश के एक लाख पेंशनरों को इसमें राहत मिलने का इंतजार बना हुआ है। पेंशनरों का कहना है कि मध्यप्रदेश सरकार ने धारा 49 को विलोपित करने के लिए प्रस्ताव भी किया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। पेंशनरों ने बताया कि उन्हें आयकर में पूरी छूट मिली चाहिए, इसके साथ ही ट्रेन-बस किराया में भी छूट मिले। साथ ही विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में होरीलाल साहू, बीएल चंद्राकर, आरएल देव, कृष्णा प्रसाद तिवारी, चेतन भारती आदि शामिल थे।

### फायर सेफ्टी टीम को दी जानकारी



रायपुर। अंबुजा सिटी सेंटर में बुधवार को सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से फायर ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस ड्रिल में फायर सेफ्टी टीम, सुरक्षा कर्मी, तकनीकी एवं हाउसकीपिंग स्टाफ ने भाग लिया। फायर ड्रिल के दौरान अलार्म सिस्टम सक्रिय किया गया और आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। साथ ही आग बुझाने के उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी भी दी गई। मॉल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह की फायर ड्रिल नियमित रूप से आयोजित की जाती है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और सुरक्षित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकें और आगंतुकों की सुरक्षा बनी रहे।

# विश्वविद्यालयों में अब विद्यार्थियों संग अभिभावक भी सीखेंगे अन्य भारतीय भाषाएं

## अनुवाद, लेखन, शिक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों में दक्षता बढ़ाने नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्वविद्यालयों में अब विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों के लिए भी भारतीय भाषा संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। यूजीसी का मानना है कि भारतीय भाषाएं केवल बोलचाल तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें पढ़ाई, शोध और रोजगार से भी जोड़ा जाना जरूरी है। इसी सोच के साथ यह फैसला लिया गया है, ताकि भाषा सीखने वालों की संख्या बढ़े और विश्वविद्यालय समाज से सीधे तौर पर जुड़ सकें। कई बार देखा गया है कि पैरेंट्स अपने बच्चों की पढ़ाई में रुचि तो लेते हैं, लेकिन खुद को सीखने का मौका नहीं मिल पाता। अब इस पहल से माता-पिता भी बच्चों के साथ सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे, जिससे घर में पढ़ाई का माहौल बेहतर होगा।

### सभी आयु वर्ग के विद्यार्थी ले सकेंगे प्रवेश

यूजीसी का कहना है कि शिक्षा किसी एक उम्र या वर्ग तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसी सोच के तहत अब विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय भाषा के कोर्स सभी के लिए खोलें इसका मतलब यह है कि जो लोग पढ़ाई छोड़ चुके हैं या फिर अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहते हैं वे भी अब विश्वविद्यालयों से भाषा सीख सकते हैं। इस नई व्यवस्था के तहत विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र शिक्षक यूनिवर्सिटी स्टाफ पेरेंट्स और अन्य इच्छुक लोग भारतीय भाषा कोर्स के लिए आवेदन कर सकेंगे यानी अगर किसी छात्र के माता पिता या परिवार का कोई सदस्य किसी भारतीय भाषा को सीखना चाहता है तो वह भी इन कोर्स का हिस्सा बन सकता है।




### इन भाषाओं के कोर्स होंगे उपलब्ध

यूजीसी के अनुसार, इन कोर्स में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं को शामिल किया जाएगा। इनमें हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, मराठी गुजराती, पंजाबी, बंगाली, असमिया, उड़िया, उर्दू, संस्कृत, नेपाली, कश्मीरी, कोंकणी, बोडो, मैथिली, डोगरी, संथाली, और सिंधी जैसी भाषाएं शामिल हैं। इससे क्षेत्रीय भाषाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। भारतीय भाषा कोर्स को अलग-अलग स्तर पर कराया जाएगा, जैसे-बेसिक लेवल इंटरमीडिएट लेवल और एडवांस लेवल, ताकि हर व्यक्ति अपनी जरूरत और समझ के अनुसार भाषा सीख सके। ये कोर्स क्रेडिट आधारित होंगे। छात्रों के लिए इसका अकादमिक फायदा होगा और पैरेंट्स व अन्य लोगों को कोर्स पूरा करने पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

इसके अलावा जो लोग रिटायर हो चुके हैं या नौकरी के साथ कुछ नया सीखना चाहते हैं, उन्हें भी इसके माध्यम से मौका मिलेगा। वे विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का अनुभव ले सकेंगे। सर्टिफिकेट हासिल करना उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा साथ ही भारतीय भाषाओं में दक्षता बढ़ने से अनुवाद, लेखन, शिक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी नए अवसर पैदा होंगे। यूजीसी को उम्मीद है कि इस पहल से क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा और धीरे-धीरे अंग्रेजी पर निर्भरता कम होगी, जब अलग-अलग उम्र के लोग एक साथ भाषा सीखेंगे तो सामाजिक जुड़ाव भी मजबूत होगा और विश्वविद्यालय ज्ञान के केंद्र के साथ साथ सांस्कृतिक केंद्र के रूप में भी उभरकर सामने आएंगे।

## पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ आगे बढ़ रहे कांग्रेसियों से झड़प

# भाजपा व मोदी-शाह के राजनीतिक प्रतिशोध की नीति के विरोध में जुटे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दर्ज एफआईआर को अदालत द्वारा रद्द किए जाने को सत्य की जीत बताते हुए तथा भाजपा व मोदी शाह के राजनीतिक प्रतिशोध की नीति के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। पुलिस बल और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच इस दौरान जमकर झूमाझटकी हुई।

- भूपेश, महंत, बैज, विधायक, पूर्व मंत्री और जिला कांग्रेस के पदाधिकारी हुए शामिल

प्रदर्शन में शामिल होने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पंडरी स्थित मिनीमाता मंदिर के पास एकत्रित हुए। वहां से कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया। जैसे ही पदयात्रा मेकाहारा चौक के पास पहुंची, पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स से कार्यकर्ताओं को रोका गया। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो बैरिकेड्स तोड़ते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसके दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमा-झटकी हुई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री के पोस्टर पर कालिख पोतते हुए भी नजर आए और भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए।



### हम सब एकजुटः बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा का षड्यंत्र बेनकाब हो गया। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर एक दशक तक हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व की छवि धूमिल करने के बाद अब भाजपा बेनक़ाब हो चुकी है। जिस तरह से एजेंसियों का दुरुपयोग कर भाजपा विपक्ष को डराना, धमकाना चाहती है, उसके खिलाफ हम सब एकजुट हैं।

### हम हर लड़ाई लड़ने को तैयारः भूपेश

एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मोदी सरकार केन्द्रीय एजेंसियों को विपक्षी आवाज को कुचलने के लिए इस्तेमाल कर रही है। भाजपा के नेता ये कान खोल कर सुन लें कि इन हथकंडों से हम डरने वाले नहीं हैं। भारतीय संविधान और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हम हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

**ये थे मौजूद** : घेराव में वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अनीता शर्मा, अरूण वोरा, मोतीलाल देवांगन, छाया वर्मा, खादी ग्रामोद्योग के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, रायपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, पंकज शर्मा, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री सकलेन कामदार, सुबोध हरिवाल, महेन्द्र छाबड़ा, कन्हैया अग्रवाल, तारणी चंद्राकर, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, प्रवक्ता वंदना राजपूत, डॉ. अजय साहू, शिविसह ठाकुर, सलाम रिजवी, उधो वर्मा, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, आकाश तिवारी, प्रभभोत सिंह लाड़ी, राहुल इंदुरिया, मोहम्मद सिद्दीक, इकराम अहमद, हिरेन्द्र देवांगन बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# पूर्व सभापति प्रमोद दुबे के बेटे को कुत्ते ने काटा, कंकाली हास्पिटल के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में आवारा कुत्तों के आतंक से आम आदमी सुरक्षित नहीं है। कुत्तों की धरपकड़ और उनकी सर्जरी का अभियान सुस्त पड़ने से लोग अपनी सुरक्षा को लेकर सशंकित हैं। बुधवार शाम ब्राम्हणपारा के कंकाली हास्पिटल के पास सभापति प्रमोद दुबे का पुत्र आर्य दुबे अपनी मम्मी दीप्ति दुबे को छोड़ने गया था। इसी दौरान सीढ़ी से उतरते समय आवारा कुत्तों ने उन्हें घेर लिया। इसी दौरान एक कुत्ते आर्य के पैर को काटा। आर्य को उनके परिवार वालों ने तत्काल अस्पाताल भेजकर वैक्सीन लगवाई। वहीं इसकी शिकायत नगर निगम में करने के बाद कुत्ते को पकड़ने टीम स्पॉट पर पहुंची पर वहां वो कुत्ता नहीं मिला। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही का कहना है, गुरुवार सुबह दोबारा डाग केचर के साथ टीम स्थल पर कुत्ता पकड़ने जाएगी। ब्राम्हणपारा वार्ड के कंकाली अस्पताल कांप्लेक्स के



पास आवारा कुत्तों के झुंड को लेकर आसपास के रहवासियों ने पूर्व में भी शिकायत की। इसके बाद भी स्थल से स्ट्रीट डॉग पकड़ने का कार्य नहीं हुआ। डाग बाइट के शिकार आर्य दुबे के पिता व पूर्व सभापति प्रमोद दुबे का कहना है कि जिस कुत्ते ने उनके बेटे को काटा है, वह पहले भी अन्य लोगों को अपना शिकार बना चुका है।

### गुरुवार सुबह फिर भेजेंगे टीम

बुधवार को ब्राम्हणपारा के कंकाली अस्पताल कंप्लेक्स के पास डाग बाइट की शिकायत मिली है। जानकारी मिलते ही डाग केचर की टीम स्पॉट पर भेजी गई, पर वहां वो डाग नहीं मिला। गुरुवार सुबह उस कुत्ते को पकड़ने फिर डाग केचर की टीम भेजेंगे।

*- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर*

## पेज 11 के शेष ....

### चाहिए 125 किडनी, 26 ....


करीब है। इसके साथ लिवर सहित अन्य अंगदान में मिलने की आस लगाने वालों की संख्या सवा दो सौ तक पहुंच चुकी है। सूत्रों के मुताबिक राज्य में अंगदान करवाने के अभियान में सुस्ती सी नजर आने लगी है। अंगदान की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) का गठन किया गया था। सोटो के अस्तित्व में आने के बाद से इसके संचालक की महती जिम्मेदारी डा. विनीत जैन के पास थी। उनके निधन के बाद से पद खाली है, जिस पर नियुक्ति के लिए सोटो टीम द्वारा शासन स्तर पर पत्र भेजा गया है।


### पूछताछ में खुल सकते हैं ....

से शराब घोटाला से संबंधित कई और राज खुल सकते हैं। खासकर हवाला की रकम कहां-कहां किस-किस के माध्यम से भेजी या खपाई गई थी। इस संबंध में भी कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

### ओपन एंड डिस्टेंस ....

कहा गया है, "इग्नू में जनवरी 2026 में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आधार आईडी बनानी होगी, क्योंकि आवेदन जमा करने के लिए यह अनिवार्य है।" **इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश** : इग्नू प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर बीकॉम, बीबीए, बीए, बीएससी, एमबीए, एमएससी, एमसीए, एमए, एमकॉम, एमफिल और पीएचडी जैसे ओडीएल कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान करता है। आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, पात्र छात्र प्रवेश की पुष्टि होने के बाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से भारत सरकार की छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इग्नू में प्रवेश प्राप्त करने आधिकारिक वेबसाइठ पर जाना होगा। नवीन पंजीयन संबंधित लिंक एक्टिवेट कर दिया गया है, जिसमें लॉग-इन कर छात्र दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।



# स्ट्रीट लाइट, पानी, सफाई की समस्या जोन 9 कार्यालय के सामने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के अंतर्गत पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के प्रधानमंत्री आवास 232 कचना आवासीय परिसर के रहवासियों ने बुधवार को मोवा स्थित जोन 9 कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। ईडब्लूएस आवास छत्तीसगढ़ परिवार संघ के आव्हान पर रहवासियों ने स्ट्रीट लाइट, पीने के पानी की समस्या और सफाई तथा सीवरेज लाइन की समस्या को लेकर 5 सूत्रीय ज्ञापन जोन 9 कमिश्नर को सौंपा। रहवासियों का कहना है कि कचना के प्रधानमंत्री आवासीय परिसर आदर्श ग्रीन एंबियंस में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसीलिए वे जोन कार्यालय अपनी समस्याओं से अवगत कराने यहां आए हैं। कचना, दलदल सिवनी, लभांडी के पीएम आवासीय परिसर के रहवासियों ने ईडब्लूएस परिवार संघ के साथ मिलकर अपनी-अपनी कालोनी की समस्याओं को लेकर जोन कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम महानंद, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष सूरज यादव का संयुक्त रूप से कहना है कि पेयजल की समस्या से वे परेशान हैं। यही नहीं, कालोनी परिसर में लगाई गई स्ट्रीट लाइट पिछले 5 माह से बंद पड़ी हैं। सांझ ढलने के बाद अंधेरा छाया रहता है। कालोनी परिसर में 2 साल से सफाई सीवरेज लाइन की समस्या चरमराई हुई है।



- प्रधानमंत्री आवास 232 कचना आदर्श ग्रीन एंबियंस के रहवासी नाराज
- 5 माह से स्ट्रीट लाइट बंद, पीने के पानी की समस्या से परेशान

## मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर धमकी देने वाला गिरफ्तार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर एक व्यक्ति को मोबाइल पर धमकी देने वाले को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अखिलेश सिंह है जो विशाल नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। आरोपी का कहना है कि उसने पति-पत्नी के बीच का झगड़ा खत्म करने के उद्देश्य से नकली ओएसडी बनकर धमकी दी थी। हालांकि पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि खमतराई निवासी प्रार्थी चिंतामणी पंडा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति का उसके मोबाइल पर कॉल आया था। वह खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी मिश्रा बता रहा था।




## लालपुर, अमलीडीह अहाता एरिया में मिली भारी गंदगी और डिस्पोजल




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और तीन जोन की संयुक्त टीम ने बुधवार को जोन 10 के अमलीडीह और लालपुर क्षेत्र में शराब दुकान के अहाता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पानी पाउच की बोरी और प्लास्टिक डिस्पोजल के साथ भारी गंदगी मिली। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग ने स्पॉट से पानी पाउच बोरी सहित अन्य डिस्पोजल की जब्ती कर आसपास के क्षेत्र के सफाई के निर्देश दिए। अमलीडीह अहाता में गंदगी और भारी मात्रा में डिस्पोजल पाए जाने पर संबंधित संचालक पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और 5 जोनों की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ अमलीडीह और लालपुर क्षेत्र स्थित शराब दुकानों की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अमलीडीह के शराब दुकान अहाता में भारी मात्रा में डिस्पोजल सामग्री मिली। इसके साथ ही स्थल पर गंदगी पाई गई। इसी तरह लालपुर के अहाता में गंदगी और पानी पाउच की बोरी मिलने पर जब्ती की गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व में नगर निवेश टीम, जोन 10, जोन 2, जोन 3 जोन 5 और नगर निगम जोन 6 की संयुक्त टीम ने निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर अभियान चलाकर कैंपस की सफाई करवाई।



- संचालक पर 10 हजार जुर्माना
- निगम मुख्यालय और 5 जोन की टीम ने चलाया संयुक्त अभियान







हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025


तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

**चूक गए कुछ मौके**

सूत्रों के अनुसार राज्य के शासकीय के साथ निजी अस्पतालों में ब्रेनडेड जैसे मामले अक्सर सामने आते हैं। ऐसे मरीजों को अधिकृत तौर पर दिमागी रूप से मृत घोषित कर परिजनों को अंगदान के लिए समय पर प्रेरित करना आवश्यक होता है। अस्पतालों में इसका समन्वय करने वाली टीम इसमें चूक रही है। पिछले कुछ समय में ब्रेनडेड के तीन से चार प्रकरणों में कुछ ऐसा हो गया और मरीजों के अंग दूसरे के जीवन के काम नहीं आ पाए।

**27 में दो शासकीय हास्पिटल**

किडनी, लिवर, हार्ट, स्किन कार्निया सहित अन्य अंगों के डोनेशन और ट्रांसप्लांट के लिए सोटो के पास कुल 27 हास्पिटल पंजीकृत है। इनमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) किडनी, लिवर और स्किन, शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज कार्निया ट्रांसप्लांट के लिए पंजीकृत है। सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए पंजीकृत है। डीके हास्पिटल में यह सुविधा शुरू किए जाने की योजना अब तक अधूरी है।

# चाहिए 125 किडनी, 26 लीवर...पर पांच माह से एक भी अंगदान नहीं, संचालक का पद भी खाली

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शरीर के आवश्यक अंग के रूप में लोगों को नया जीवन देने अंगदान महादान का संवेदनशील अभियान राज्य में ठंडा पड़ गया है। पांच महीने से यहां एक भी कैडेवर डोनेशन नहीं हुआ है। योजना को कार्यान्वित करने वाले राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) स्वयं अफसरों और संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। वरिष्ठ चिकित्सक के निधन के बाद सोटो में संचालक का पद भी खाली हो गया है। सोटो के पास किडनी, लिवर सहित अन्य अंग प्राप्त करने वालों की वेटिंग 225 हो चुकी है। राज्य में पहला अंगदान नवंबर वर्ष 2022 में हुआ था और अब तक दर्जनभर से ज्यादा कैडेवर डोनेशन पूरा हुआ है जो आवश्यकता के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। वर्तमान में इस अभियान को पूरा करने के लिए मरीज को ब्रेनडेड घोषित होने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। मरीज के ब्रेनडेड घोषित होने के बाद उसे अस्पताल में रखने का बिल परिजनों से लेने का नियम नहीं है। इस मामले में निजी अस्पतालों में समन्वय नहीं बन पा रहा है। इसके लिए सोटो के पास पर्याप्त संसाधन और मैन पॉवर की कमी भी है, जिसकी वजह से यह अभियान ठंडा सा पड़ गया है। राज्य में किडनी की बीमारी बहुत आम है और सैकड़ों लोगों का जीवन डायलिसिस के भरोसे चल रहा है। राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास ही दान में किडनी मिलने का इंतजार करने वालों की सूची दो सौ के ▶▶|शेष पेज 21 पर

## राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण में नई नियुक्ति का इंतजार, 225 हुई आर्गन लेने वाली वेटिंग

**अस्पतालों में अटक रही ब्रेनडेड घोषित करने की प्रक्रिया जरूरी संसाधनों का अभाव बड़ा मुद्दा**

**कितने अंग की जरूरत**
197 किडनी
26 लिवर
2 अन्य अंग

**अब तक मिले अंग**
14 त्वचा
14 कार्निया
5 हार्ट वाल्व

**अब तक हुआ ट्रांसप्लांट**
27 किडनी
3 लिवर



**प्रयास किया जा रहा**

लाइव आर्गन डोनेशन की प्रक्रिया समिति द्वारा सतत रूप से पूरी की जा रही है। ब्रेनडेड मरीजों के आर्गन डोनेशन के लिए टीम लगातार प्रयास करती है। इसके लिए लोगों को जागरूक किए जाने का प्रयास भी किया जा रहा है।
- **डा. एसके पामभोई,** नोडल अधिकारी, राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण

**खबर संक्षेप**

### मिक्सर वाहन से दबकर मौत, चालक पर केस दर्ज



**रायपुर।** मिक्सर वाहन से दबकर एक व्यक्ति की मौत के मामले में मंदिर हसौद पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 20 जून 2025 की है। ग्राम छेरीखेड़ी के पास मिक्सर वाहन के चालक ने गाड़ी को बिना हैंड ब्रेक लगाए ढलान वाली सड़क पर खड़ा किया था। इस लापरवाही के कारण वाहन अचानक ढलान की तरफ चलने लगा और वहां खड़े एक वाहन के पास खड़े बृजेश्वर रात्रे 31 वर्ष निवासी ग्राम नकटी माना को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी दबकर मौत हो गई। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने मिक्सर वाहन चालक के खिलाफ धारा 106, 1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# शराब घोटाले में ईडी की रिमांड पर सौम्या, 115 करोड़ रुपए की उगाही का शक, हवाला से भेजे गए पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार की गई राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से दलीलें सुनने के बाद सौम्या को 2 दिन के लिए ईडी की रिमांड पर भेजने का फैसला सुनाया है। सौम्या को अब 19 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर कोर्ट में सुनवाई के बाद सौम्या के बचाव पक्ष के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने बताया कि ईडी ने अपनी डायरी में सौम्या पर अलग-अलग दो पार्ट में 115 करोड़ रुपए के लेनदेन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उसी डायरी में कोयला घोटाला और फिर शराब घोटाला बताया जा रहा है। एजेंसी का दावा है कि शराब घोटाले में 72 करोड़ रुपये हवाला किया गया है, लेकिन कैश हवाला करने वाले की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है।

### एक दिन पहले ईडी ने किया गिरफ्तार

ईडी ने एक दिन पहले ही शराब घोटाला मामले में मिले सबूतों के आधार पर सौम्या को पूछताछ के लिए रायपुर कार्यालय बुलाया था। इस पूछताछ के बाद ईडी ने सौम्या को गिरफ्तार किया। आज दूसरे दिन सौम्या को ईडी ने विशेष कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी की ओर से वकील डॉ. सौरभ कुमार पांडे ने कोर्ट में शराब घोटाला मामले में सौम्या के खिलाफ लेनदेन के कई अहम डिजिटल साक्ष्य मिलने की बात कहते हुए तीन दिन की रिमांड मांगी, जिसका बचाव पक्ष के वकील ने इसके विरोध में दलील रखी। इस तरह दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सौम्या को 2 दिन की ईडी रिमांड को मंजूरी दी। सौम्या अब दो दिन तक ईडी की कस्टडी में रहेगी।





### पूछताछ में खुल सकते हैं शराब घोटाला के कई राज

*ईडी का दावा है कि प्रदेश में हुए 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाला में सौम्या की भूमिका भी अहम रही है। सौम्या लीकर स्कैम नेटवर्क में को-ऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रही थी। ईडी का दावा है कि शराब घोटाले से जुड़े करीब 115 करोड़ रुपये लक्ष्मीनारायण बंसल के जरिये सौम्या चौरसिया तक पहुंचा है, वहीं आरोपी तांत्रिक केके श्रीवास्तव से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि घोटाले का करीब 72 करोड़ रुपये हवाला के जरिए इधर से उधर किया गया है। ईडी का यह भी दावा है कि पूछताछ में सौम्या* ▶▶|शेष पेज 21 पर

### ढाई साल जेल में रह चुकी है सौम्या

*ईडी ने इससे पहले 2 दिसंबर 2022 को सौम्या चौरसिया को कोल लेवी घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में वे करीब ढाई साल जेल में रही और पिछले 6 महीने से वह सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर आई थी। ईडी ने 6 महीने बाद अब शराब घोटाले में दूसरी बार उसे गिरफ्तार किया है।*

### लंबे समय बाद कवासी लखमा कोर्ट में किए गए पेश

*इधर शराब घोटाला मामले में जेल में बंद तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा को भी लंबे समय बाद कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अब तक उन्हें विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ही पेशी में शामिल किया है, लेकिन बुधवार को जज के आदेश पर कवासी लखमा को कोर्ट में हुई सुनवाई में बुलाया गया। बताया जा रहा है कि लखमा ने इससे पहले हुई विडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान सुनवाई में जज से कहा था कि उन्हें जेल में दवाई नहीं मिल रही है और न ही उचित इलाज मिल रहा है तथा वह अपनी पेशी की सुनवाई में कोर्ट में आना चाहते हैं। सुनवाई के बाद लखमा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वे शुगर, बीपी, हार्ट के मरीज हैं। जेल में उनका अच्छे से इलाज नहीं हो रहा है। जनवरी में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, तब से वे जेल में हैं। जेल में जाने के बाद पहली बार उन्हें कोर्ट लाया गया है।*

# ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए अर्जी शुरू, बगैर अपार आईडी अब नहीं होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अर्थात इग्नू ने अपने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इग्नू के जनवरी सत्र के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 31 जनवरी को बंद हो जाएगी। आवेदन प्रक्रिया शुरू करने से पहले, आवेदकों को अपना स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण अर्थात अपार आईडी तैयार रखने कहा गया है। आधिकारिक नोटिस में ▶▶|शेष पेज 21 पर


- **इग्नू ने ओडीएल पाठ्यक्रम के लिए जनवरी अंत तक मंगाए आवेदन**

### 60 दिन बाद वापस नहीं होगी फीस

इग्नू में जनवरी 2026 में प्रवेश के लिए, उम्मीदवारों को अपनी शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र और लागू श्रेणी प्रमाण पत्रों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रतियों के साथ एक स्कैन की गई फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने की आवश्यकता है। प्रवेश की पुष्टि होने के बाद यदि रद्द करने का अनुरोध किया जाता है, तो कार्यक्रम शुल्क का 15%, या अधिकतम 2,000 रुपये, वापसी राशि से काट लिया जाएगा। प्रवेश की तिथि से 60 दिनों के बाद शुल्क राशि वापस नहीं की जाएगी।










# एस. एम. सी. मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

## सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24 वें

# स्थापना दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...

# SMC MULTISPECIALITY HOSPITAL

Old Bilaspur Road, Near CHC, Dharsiwa-1, Raipur-493221

Ph. : 8960713934, 8962787200, Email:smcdharsiwa@gmail.com, Website:www.smchospital.com

## विनीत

- Dr. Stish Suryanshi
- Dr. S.S. Mohanty
- Dr. Javed Alam
- Dr. Shivendra Dubey



प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445

## निधन

### मुकेश तातेड़



**रायपुर।** भवानी डायग्नोस्टिक के पास फाफाडीह निवासी मुकेश तातेड़ का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 दिसंबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे उमेश, कमलेश तातेड़ के भाई और प्रवेश तातेड़ के पिता थे।

### सीमा शर्मा



**रायपुर।** ब्राहमणपारा निवासी सीमा शर्मा का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे बसंत शर्मा की पत्नी और कांग्रेस नेता सुयश एवं शुभी की माता तथा अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा की भाभी थीं।

### चंद्रहास पटेल



**रायपुर।** दलदल सिवनी निवासी चंद्रहास पटेल का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दलदल सिवनी मुक्तिधाम में किया गया। वे उमाकांत पटेल के पुत्र और मीना पटेल के पति तथा देवेंद्र, दिनेश पटेल के भाई थे।

### रूपचंद हिंदुजा



**रायपुर।** महावीर नगर निवासी रूपचंद हिंदुजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विक्की हिंदुजा के पिता थे।

# अब केक कारोबारी एफडीए के निशाने पर, पांच दुकानों से उठाए गए 17 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पनीर और मिठाइयों के बाद केक तथा बेकरी कारोबारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निशाने पर आ गए हैं। क्रिसमस और न्यू ईयर का हवाला देकर जांच टीम ने पांच बड़ी दुकानों की जांच कर 17 नमूने लिए हैं। जांच के दौरान समता कालोनी के शॉप के उत्पाद को सप्ताहभर के लिए प्रतिबंधित किया है। साथ ही दुकानदारों को व्यवस्था में सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया है। अफसरों ने हवाला दिया है कि क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए काफी संख्या में केक काटे जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को शहर और आसपास संचालित होने वाली बेकरी एवं केक बनाने वाले संस्थानों को जांच के दायरे में लाया।

जांच टीम ने मालवीय रोड के ए-1 बेकरी, मालवीय रोड में जांच के बाद स्पंज केक और ब्रेड का नमूना उठाया। साथ ही कटोरातालाब के ओवेन शेफ से लूज केक का विधिक नमूना लिया गया एवं सुधार सूचना का नोटिस प्रेषित किया गया। बलौदाबाजार रोड स्थित ग्राम जरौदा के आरना बेकर्स प्रा. लिमिचेड से चॉकलेट कूकीज, कोकोनट कूकीज, अजवाइन कूकीज एवं मिल्क रस्क टोस्ट, प्लेन रस्क टोस्ट, लूज मैदा का विधिक नमूना लिया गया। इन्हें उत्पादन प्रक्रिया में सुधार के लिए नोटिस भी थमाया है।

कोटा के मैड बेकर्स से डबल चोको चिप्स कूकीज एवं लूज ड्राई वेनिला केक का विधिक नमूना लिया गया एवं सुधार सूचना का नोटिस प्रेषित किया गया। इसके अलावा टीम ने समता कालोनी के लक्ष्मी फूड प्रोडक्ट से केक मिक्स, शुगर बॉल्स, जीरा कूकीज, बटर लच्छा कूकीज का सैंपल लिया। फर्म की मशीनरीज को अस्वास्थ्यकर परिस्थिति को देखते हुए एक सप्ताह के लिए सील किया गया है। अफसरों के अनुसार सभी कार्रवाई में बेकरी से संबंधित 15 विधिक एवं 02 सर्विलांस नमूना लिया गया है।

## क्रिसमस और न्यू ईयर के मद्देनजर जांच पर जोर



### एनालॉग का लाइसेंस फिर भी जब्ती

पिछले दिनों खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने एनालॉग पनीर का सैंपल उठाया था, इस पर व्यापारियों ने सवाल खड़ा किया है। उनका तर्क है कि जब भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा एनालॉग पनीर बनाने का लाइसेंस दिया जाता है, तो वह गलत कैसे है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जांच और सैंपल उठाने के नाम पर उन्हें नाहक परेशान कर रही है। विभाग या तो एनालॉग पनीर का निर्माण बंद करवाकर लाइसेंस निरस्त कर दे अथवा उन्हें जांच के नाम पर परेशान करना बंद कर दे।

## आरोपियों ने हनुमान जी की मूर्ति को तोड़ा

# धरमनगर में उत्पात मचाने वाले 5 गिरफ्तार, जेसीबी जब्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर के धरमनगर इलाके में हनुमान जी की मूर्ति और गोठान को तोड़कर उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी पारख अरिहंत भी शामिल है, जिसके कहने पर इस घटना को अंजाम दिया गया। इसके साथ पुलिस ने तोड़फोड़ में इस्तेमाल की गई जेसीबी मशीन को भी जब्त किया है।

### थाना घेराव के बाद हरकत में आई पुलिस

सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 1 बजे दर्जनभर लोग एक जेसीबी मशीन लेकर धरमनगर पहुंचे थे। इस दौरान लगभग आधा दर्जन लोग जेसीबी मशीन के जरिए धरमनगर के खाली प्लॉट पर बने चबूतरा और गोठान में जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने चबूतरा में विराजित हनुमान जी की मूर्ति तोड़कर उसे दूसरी जगह छोड़ आए, वहीं यहां अस्थाई रूप से बने गोठान को भी जेसीबी से तोड़कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के दौरान आरोपियों के अन्य साथी प्लॉट के दूसरी तरफ नकाब पहनकर तैनात थे, जो किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे, लेकिन जैसे ही मोहल्लेवासियों की भीड़ बाहर निकली, सभी लोग फरार हो गए। इस घटना के बाद गोठान का संचालन करने वाली नीतू सोनी ने आरोपियों में कुछ लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। थी। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### विडियो फूटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई

*धरमनगर में उत्पात मचाने का विडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। इस विडियो के फुटेज के आधार पर पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी अरिहंत पारख 31 वर्ष निवासी सिविल लाइन के साथ मोहित लखेर 32 वर्ष निवासी ग्राम मिरगौती थाना रामनगर सतना मध्यप्रदेश, हाल पता सड्डू पेट्रोल पंप के पास पंडरी, भूपेश केंवट 19 वर्ष निवासी संजय नगर सराईपाली जिला महासमुन्द हाल पता सड्डू पेट्रोल पंप पंडरी, गणेश कुर्रे 20 वर्ष निवासी ग्राम सकरी जिला सक्ती हाल पता सड्डू पेट्रोल पंप के पास पंडरी तथा जेसीबी चालक मेहराब खान 21 वर्ष निवासी ग्राम बिछोर थाना पुनहाना हरियाणा हाल पता फुंडहर चौक माना शामिल है। इन सभी के खिलाफ धारा 298, 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।*

# अवैध उत्खनन-परिवहन पर विभाग ने कसा शिकंजा, 6 दिन में रेत-मुरुम से भरी 27 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिला के खनिज विभाग में नए अफसर के आते ही विभाग ने खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताहभर में जिले में रेत और मुरुम से भरी 27 हाईवा गाड़ियों को अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया है। इसी प्रकार एक खदान में अवैध उत्खनन में संलिप्त एक चेन माउंटेन मशीन को भी जब्त किया गया है।

खनिज विभाग में उप संचालक के रूप में राजेश मालवे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके आने के बाद से विभाग की टीम दिन के साथ रात में भी गश्त पर निकल रही है। 12 से 16 दिसंबर के दौरान टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में रात के समय में निरीक्षण करते हुए 27 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा है। इन गाड़ियों में करीब 24 रेत से भरी हुई और 3 मुरुम से भरी हुई थी। इसी प्रकार टीम ने ग्राम कुम्हारी आरंग स्थित रेत खदान में अवैध उत्खनन के मामले में एक चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया है। जब्ती के बाद गाड़ियां संबंधित क्षेत्र के थानों के सुपुर्द की गई थीं।

### लगातार की जाएगी कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देश के तहत जिले में अवैध खनिज सामग्री के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए टीम को रात में भी निरीक्षण में भेजा जा रहा है।

**- राजेश मालवे**, उपसंचालक खनिज विभाग रायपुर



### 9 लाख 70 हजार रुपए की कमाई

इस कार्रवाई में गाड़ियों के साथ कुछ जगहों पर अवैध रेत भंडारण के मामले भी पकड़े गए हैं। इस तरह सभी मामलों में 9 लाख 70 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। इस तरह समझौता राशि लेकर पकड़ी गई गाड़ियों को छोड़ा गया, वहीं भंडारण की गई रेत को संबंधित गांव के सरपंच के सुपुर्द किया। इस टीम में सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव, स्तुति निगम, खनिज निरीक्षक जागृत गायकवाड़, खनिज सर्वेयर रघुनाथ भारद्वाज सहित अन्य शामिल थे।









प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445

दो विधानसभा भवनों में चला शीतकालीन सत्र

अध्यक्ष डा. रमन ने कहा हम सब दुर्लभ संयोग के साक्षी

# वंदेमातरम पर विधानसभा में सत्ता और विपक्ष के बीच होती रही नोक-झोंक, सत्र का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन वंदेमातरम पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष के सदस्यों के बीच लगातार सियासी नोक झोंक होती रही। सत्ता पक्ष के लोग कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते रहे, तो जवाब में कांग्रेस सदस्यों ने वंदे मातरम पर राजनीति न करने की बातें दोहराई। इस चर्चा के साथ ही विधानसभा के शीतकालीन सत्र का समापन हो गया है। समापन के अवसर पर विधानसभाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस सत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सत्र के प्रथम दिवस 18 नवंबर को पुराने विधानसभा भवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना के रजत जंयती वर्ष पर केंद्रित चर्चा हुई, यह कार्यदिवस हम सबको भावुक करने वाला था, क्योंकि हम सब की स्मृतियां उस भवन से जुड़ी हुई थीं आप सभी ने अपनी भावनाओं से चर्चा को समृद्ध बनाया। इस सत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सत्र का दूसरा कार्यदिवस रविवार 14 दिसंबर को इस नवीन विधानसभा भवन में आरंभ हुआ। किसी विधानसभा का एक सत्र दो विधानसभा भवन में आरंभ हुआ। किसी विधानसभा का एक सत्र दो भवनों में संपन्न हो, इस दुर्लभ संयोग के साक्षी होने का अवसर हम सब को प्राप्त हुआ है।



## 5 बैठकों में कुल 35 घंटे 33 मिनट तक चली कार्यवाही

शीतकालीन सत्र के समापन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र को बताया यादगार और ऐतिहासिक उपलब्धि कहा है। इस दौरान विजन 2047 पर हुई सार्थक और व्यापक चर्चा हुई। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में भविष्य के रोडमैप पर मंथन के साथ ही शीतकालीन सत्र होने के बावजूद कई अहम मुद्दों पर उपयोगी बहस हुई। अनुपूरक बजट सहित महत्वपूर्ण विधायी कार्य पूरे किए गए। सत्र के दौरान कुल 5 बैठकों में कुल 35 घंटे 33 मिनट तक चली कार्यवाही, तारांकित 333 और अतारांकित 295 सवाल, कुल 628 प्रश्न मिले, 11 सवालों पर सदन में पूछे गए अनुपूरक प्रश्न, 232 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त, 70 स्वीकार, 20 शून्यकाल में बदली गईं, 101 स्थगन सूचनाएं सदन में आईं, 196 याचिकाएं प्रस्तुत, 36 याचिकाएं स्वीकार की गई।

**बजट सत्र का संभावित माह घोषितः** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बजट सत्र की संभावित तिथि की घोषणा करते हुए कहा कि फ़रवरी के अंतिम सप्ताह में होगा विधानसभा का बजट सत्र आयोजित होगा।

## इतिहास फिर से लिखा जाएगा : विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अगर इस गीत( वंदेमातरम) को वर्ष 1923 में न छोड़ा गया होता, न आधा किया गया होता तो देश का स्वरूप ही कुछ दूसरा होता। मैं निःसंदेह यह कहना चाहता हूं कि जो कुछ हुआ है, आने वाले समय में इतिहास फिर से लिखा जाएगा, फिर से भारत अपने उन पुराने उपलब्धियों को, पुरानी प्रतिष्ठा को, पुराने क्षेत्र को सब कुछ प्राप्त करेगा, परंतु आज उसके मूल में यह आवश्यक है, जब 150 वर्ष हो चुके हैं।



## विधायक मंत्री भी शामिल हुए चर्चा में

वंदेमातरम पर चर्चा के दौरान सत्ता विपक्ष के सदस्यों के साथ सरकार के मंत्रियों ने भी अपनी बात रखी। सत्ता पक्ष की ओर से चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि वे नेता प्रतिपक्ष ने जो बात कही वे समझ नहीं पाए। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को यह बताने की जरुरत है कि संविधान में पंथनिरपेक्ष की जगह धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द क्यों जोड़ा गया। उन्होंने ये भी कहा कि देश में जब नेशलन एंथम मौजूद था तो आपने छत्तीसगढ़ का गीत क्यों बनाया। संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष खासकर कांग्रेस के लिए कहा कि ये लोग तुष्टीकरण की राजनीति अपनाते हैं। जो देश में रहकर देश को अपमानित करने की कोशिश करते हैं, तो पीड़ा होती है। देश के बाहर जाकर भी यही काम करते हैं। उन्होंने कहा- वंदेमातरम ने एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। सदियों तक इस गीत के पदों को भुलाने का काम किया गया। वंदे मातरम को स्थापित करने का प्रयास मोदी जी ने किया। आने वाली पीढ़ी वंदेमातरम को समझे यह प्रयास किया । कांग्रेसी इस देश को अपना कहने में शर्म महसूस करते थे।



## अपना धर्म किसी और पर क्यों थोपें

कांग्रेस सदस्य राघवेंद्र सिंह ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। कोई भी अपने धर्म को मानने के लिए स्वतंत्र है। यहां हर धर्म का सम्मान है। हम अपना धर्म किसी और पर क्यों थोपें? हम किसी को क्यों कहे कि आपको कैसे पूजा करनी है? कोई और मुझे क्यों बताएगा कि मैं हिंदू हूँ, मैं कैसे पूजा करूंगा? यह मेरा और मेरे भगवान के बीच का रिश्ता है। यह थोपने की राजनीति बंद होने की आवश्यकता है। अगर दो छंद से पूरा देश एक हुआ तो आज हम उसमें तुष्टिकरण की राजनीति करना, बार-बार उसके बारे में बोलना, नेहरू जी के बारे में बोलना, मैं उससे सहमत नहीं हूं।

## वंदे मातरम पर गर्व है

भाजपा सदस्य किरण देव ने कहा कि वंदे मातरम भारत माता की जय, एक सूत्र में तीन अक्षरों का यह मेल है। जब वंदे मातरम और भारत माता की जय का विषय आता है तो मैं बहुत ही गर्व के साथ इस बात को कहता हूं, हमारा देश पूरे विश्व में एकमात्र देश है जिसको माता का दर्जा दिया गया है, वरना किसी देश को माता का दर्जा नहीं दिया गया है। ये हम सबके लिए गर्व का विषय है।

# तीन विधेयक किए गए पारित

**दुकान स्थापना, निजी विवि एवं जन विश्वास संशोधन विधेयक शामिल**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में सत्र के अंतिम दिन राज्य सरकार द्वारा लाए गए तीन विधेयकों को पारित कर दिया गया। सदन में तीन विधेयकों पर चर्चा के बाद विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (संशोधन) विधेयक 2025, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक 2025 और छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 शामिल हैं। दुकान एवं स्थापना विधेयक के राज्य में श्रमिकों के लिए कार्यकारी वातावरण को विनियमित करना तथा उनके कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं कार्यकारी दशाओं को सुनिश्चित करना है। बदलते हुए औद्योगिक वातावरण, प्रतिस्पर्धा की बढ़ती चुनौती तथा उद्यमशीलता एवं निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु कार्य संबंधी प्रावधानों में लचीलापन लाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उद्योग एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालन को अधिक सक्षम, उत्पादक और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु भारत सरकार के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं मेक इन इंडिया को दृष्टिगत रखते हुए, छनीमगड दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) संशोधन प्रस्तावित किया गया है। छोटे दुकान एवं स्थापनाओं पर अनुपालन का भार घटाने हेतु 10 या अधिक कर्मकारों के स्थान पर 20 या अधिक कर्मकारों के नियोजन वाले दुकान एवं स्थापनाओं पर इसे लागू करने का विनिश्चय किया गया है।वहीं जन विश्वास अधिनियम के तहत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लनिए विश्वास आधारित शासन को बढ़ावा देने एवं अपराधों के मुक्ति और तक संगतिकरण के लिए कुछ धाराओं में सशोधन किया गया है। निजी विवि अधिनियम के तहत राज्य सरकार ने कोलेबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी रायपुर विवि के रूप में निजी विवि स्थापित करने की अनुसंशा की है।

**प्रश्नकाल नहीं चला**

**स्थगन अग्राह्य किए जाने के बाद बेल में पहुंचे 34 कांग्रेस विधायक निलंबित**

# जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सदन में हंगामा, कांग्रेस ने लाया स्थगन प्रस्ताव, सत्यमेव जयते की लहराई तख्तियां

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। प्रश्नकाल से पहले ही सदन का माहौल गरमा गया, जब कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की बदनीयत और कथित गैरकानूनी कार्रवाई अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। कांग्रेसी 'सत्यमेव जयते' की तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे थे। स्पीकर ने उन्हें तख्तियां उतारकर सदन में आने की समझाइश दी। कांग्रेसी इसे नहीं माने, उनके विरोध के कारण प्रश्नकाल नहीं हो सका। साथ ही जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने सदन में स्थगन प्रस्ताव लाया, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। कांग्रेस विधायक इसका विरोध करते हुए गर्भगृह में आ गए और स्वतः निलंबित हो गए।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक सत्यमेव जयते लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगे। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने तख्तियों के साथ सदन में बैठने की अनुमति देने से इनकार करते हुए इसे असंसदीय करार दिया। इसके बावजूद विपक्ष का विरोध जारी रहा, जिससे कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। पूर्व सीमए भूपेश बघेल ने नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र की हत्या है। जवाब में मंत्री अजय चंद्राकर ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। प्रश्नकाल के बार-बार बाधित होने पर स्पीकर ने विपक्ष के व्यवहार की कड़ी निंदा की।

## जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सदन में हंगामा

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इसी मामले को लेकर कहा, हमने स्थगन प्रस्ताव विधानसभा में लाया था। सत्ता पक्ष इसके कारण डरा हुआ है, इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया। हमारे सारे विधायक इसके विरोध में गर्भ गृह में गए जिसके बाद हमें निलंबित कर दिया गया। हम हमेशा सत्य के रास्ते पर चलते रहेंगे। हम सत्यमेव जयते स्लोगन जो हमारे महापुरुषों का वाक्य है, उसके रास्ते पर चलते रहेंगे। सत्य के नाम से भारतीय जनता पार्टी परेशान हो गई है। सत्य कभी पराजित नहीं हो सकता, उसे केवल परेशान किया जा सकता है।



**मजदूर टिप्पणी पर तीखी नोक-झोंक**

विधायक धर्मजीत सिंह की मजदूर संबंधी टिप्पणी पर कांग्रेस विधायकों ने कड़ा ऐतराज जताया। कांग्रेस का कहना था कि जनप्रतिनिधियों को इस तरह संबोधित करना अपमानजनक है। दोनों पक्षों के बीच बहस तेज होती चली गई।

**आसंदी की संयम बरतने की अपील**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों से संयम बरतने और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, सभी सदस्य वरिष्ठ हैं और कार्यवाही में सहयोग अपेक्षित है।

**नोक-झोंक के बीच कार्यवाही स्थगित**

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव और विधायक अजय चंद्राकर के बीच व्यवस्था को लेकर बहस बढ़ी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के हस्तक्षेप पर भी विवाद थमा नहीं। हालात को देखते हुए आसंदी ने सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नारे बाजी के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

# रायपुर सहित 132 केंद्रों में होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने आखिरकार सीटेट की डेट जारी कर दी है। इसके अलावा परीक्षा आयोजन संबंधित जानकारी भी सीबीएसई ने नोटिस जारी कर बताई है। सीबीएसई ने ऑफिशियल नोटिस में बताया कि इस बार सीटेट का 21वां संस्करण आयोजित होगा। इसमें पेपर-1 और पेपर-2 दोनों शामिल हैं। जो कैंडिडेट्स आवेदन करना चाहते हैं वे सीटेट की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सीटेट 8 फरवरी को आयोजित होगा। परीक्षा देश के 132 शहरों में 20 भाषाओं में कराई जाएगी। इस साल सीटेट में उम्मीदवारों को दो पेपर देने होंगे। सीबीएसई की ओर से जल्द ही एग्जाम सिलेबस, पैटर्न और एग्जाम फीस आदि की जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की जाएगी।



## जरूरी है बीएड-डीएलएड उपाधि

सीबीएसई सीटेट पेपर-1 उन उम्मीदवारों के लिए है जो पहली से पांचवी कक्षा तक के शिक्षक बनना चाहते हैं। पेपर-2 उनके लिए है, जो कक्षा 6वीं से 8वीं तक पढ़ाना चाहते हैं। यह एग्जाम टीचर भर्ती के लिए एक अनिवार्य पात्रता परीक्षा है। जो कैंडिडेट सीटेट पास करते हैं, वे सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए योग्य हो जाते हैं। पेपर-1 अर्थात पहली से पांचवी कक्षा अध्यापन के लिए कैंडिडेट का 2 साल का डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजूकेशन अर्थात डीएलएड करना अनिवार्य है। इसी तरह से कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षा अध्यापन के लिए पात्रता परीक्षा में शामिल होने दो साल की बीएड डिग्री या 4 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स करना आवश्यक है।

# युवक पर जानलेवा हमला, तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के दुर्गा कॉलेज के सामने आपसी विवाद पर एक युवक पर चाकू, पेचकस, स्टिक जैसे हाथियार से जानलेवा हमला करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन नाबालिग हैं। हमले में इस्तेमाल किए गए चाकू को आरोपियों ने एक दुकान से था। पुलिस ने इस निशानदेही पर उस दुकान में भी छापा मारा और वहां से 5 चाकू को जब्ती बनाते हुए उसके संचालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना के संबंध में मौदहापारा थाना प्रभारी ने बताया कि 15 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे दुर्गा कॉलेज के पास प्रखर अवधिया नामक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर अवस्था में मेकाहारा हास्पिटल में दाखिल कराया गया। घटना के बाद घायल युवक ने अपने पिता विकास को घटना के संबंध में जानकारी दी कि वासु सोनी नामक युवक ने अपने अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर उस पर चाकू, पेचकस और स्टिक से हमला किया है। विकास ने इसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने वासु को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की, तो उसने अपने अन्य तीन नाबालिग साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने वासु की निशानदेही पर उसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है। इस हमले का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 118(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।








मा. बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर विधानसभा
मा. श्याम नारंग
भाजपा जिलाध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण
मा. पद्मश्री अनुज शर्मा
विधायक, धरसीवां
हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY CELEBRATION
छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
हरिभूमि
श्री संदीप यदु
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर
श्री नवीन अग्रवाल
अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर
हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है।हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है।
श्रीमती सविता चन्द्राकर
सभापति उद्योग एवं सहकारिता जिला पंचायत रायपुर (छ.ग.)
विनीत - श्रीमती सविता चन्द्राकर सभापति उद्योग एवं सहकारिता जिला पंचायत रायपुर (छ.ग.)
प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445







संकलनकर्ता- पवन साहू, हरिभूमि संवाददाता आरंग, मो. 9425513719

## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती आज उमरिया में मनाई जाएगी

**आरंग।** ग्राम पंचायत उमरिया में संत शिरोमणि सतगुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। संत श्री गुरु घासीदास बाबा की असीम कृपा से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को किया जा रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः जैतखाम में ध्वज रोहण के साथ होगी। इसके पश्चात पंथी पार्टी का आगमन होगा, जिसमें बालक एवं बालिकाओं द्वारा पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। पंथी नृत्य के माध्यम से बाबा के संदेशों और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। रात्रि में मनोरंजन हेतु कला मंच 'मोर मयारू', मंदिर हसौद द्वारा लोककला की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी, जो दर्शकों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति से रूबरू कराएगी। आयोजनकर्ता समस्त सतनामी समाज, उमरिया ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। जयंती समारोह को लेकर गांव में उत्साह और तैयारियों का माहौल बना हुआ है।

### शीतलहर और कोहरे से जनजीवन है प्रभावित

**सिलयारी।** क्षेत्र में भी ठंड बढ़ गई है। सुबह-सुबह घना कोहरा छाया रहता है। पूरा क्षेत्र इन दिनों ठंड की चपेट में है। जहां सर्दी के सितम ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं। वहीं ठंड से बचने लोग तरह-तरह के उपाय कर रहें हैं। सड़कों पर खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों के लिए सर्दी सितम बनकर कहर बरपा रही है। मैदानी क्षेत्रों में ठंड कुछ ज्यादा ही महसूस की जा रही है। उल्लेखनीय है कि, कुछ दिन से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दर्ज की जा रही गिरावट के चलते ठंड का असर बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर ठंडी हवाओं से भी ठिठुरन बढ़ गई है। लिहाजा, ठंड से बचने लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। अनेक जगहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

**कार्यक्रम : प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को दिए पुरस्कार**

# जेबी स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी रोचक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा





तिल्दा के जे. बी. स्कूल ने अपना 14 वां वार्षिकोत्सव मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर-गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री ने शिरकत की ।इस अवसर पर मंत्री टंक राम वर्मा, के पुत्र पुष्पराज वर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी, हिमांशु भारती भी विशेष रूप से उपस्थित थे .वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया दिया.कार्यक्रम का .शुभारंभ अतिथियों द्वरा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुवात गणेश वंदना, से हुई उसके बाद एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर बच्चो ने कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया. रंगारग कार्यक्रम की श्रृंखला में नन्हे विद्यार्थियों की चॉकलेट डांस ने मासूमियत और आनंद बिखेरा। "ड्रीम बिग, फ्लाई हाई" थीम पर आधारित रैम्प वॉक टैलेंट शो के माध्यम से नन्हें नर्सरी के बच्चों ने अपने भविष्य के सपनों को दिखाया। हैप्पी चिल्ड्रन, चले जैसे हवाएँ, तारे आसमान से, जंगल डांस, प्रॉप डांस से सारे दर्शक भाव विभोर हुए।

इस मौके पर देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति "वीर भूमि – ये देश है वीर जवानों का", वंदे मातरम, झांसी की रानी ने राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत को शानदार तरीके से बच्चों ने प्रस्तुत कर दर्शकों को जोश से भर दिया। कांतारा, युगमंथन, नटराज स्तुति, छत्तीसगढ़ी नृत्य जैसी प्रस्तुतियों ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध झलक प्रस्तुत की वहीं सजदा नृत्य की प्रस्तुति के साथ वातावरण आध्यात्मिक तरंगों से गूंज उठा। विचारोत्तेजक नाटक "माय स्कूल – व्हेयर माइंड्स ब्लूम" ने विद्यालय के पोषक शिक्षण परिवेश को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। हेड बॉय फ़राज़ अहमद एवं हेड गर्ल अदिति नायक ने अपने प्रेरक उद्बोधन से विद्यार्थियों के जीवन में संस्कार, लीडरशिप, सेवा, मूल्यों और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में कई छात्र - छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू मुस्लिम एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर देते लोगों को जागरूक किया। मंत्री टंक राम वर्मा, के पुत्र पुष्पराज वर्मा,जो यू एस में लंबे समय के कार्य अनुभव के पश्चात अब छत्तीसगढ़ में अपनी सेवायें दे रहे हैं। उन्होंने बच्चों को 'बेबी जिराफ' की कहानी द्वारा पालकों, शिक्षको और बच्चों को सही दिशा में परिश्रम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे जीवन के संघर्षों को जीत कर सफलता प्राप्त कर सकें। रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी, हिमांशु भारती ने कहा - जब रायपुर जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों की बात होती है तो जे बी स्कूल का नाम जरुर आता है।

### विद्यालय के अनुशासन और टीम वर्क की सराहना

मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षकों एवं मैनेजमेंट के टीम वर्क की सराहना करते हुए कहा, यदि मेरे समय में जे बी विद्यालय होता, तो मैं अवश्य इसी विद्यालय में प्रवेश लेता। मेरे परिवार के बच्चे इस विद्यालय में पढ़ रहे हैं और मैने उनकी इस कार्यक्रम में प्रस्तुति देखी। शिक्षकों ने उनमें ऐसा आत्म विश्वास, अभिव्यक्ति और व्यक्तित्व निखारा है कि मैं उन्हें कार्यक्रम में पहचान ही नहीं पा रहा था। उन्होंने कहा कि तिल्दा के पालक भाग्यशाली हैं जिन्हें जे बी जैसा विद्यालय मिला है जो विद्यार्थी को हर तरीके से निखारने का काम कर रहा है। विद्यालय को आगे बढ़ते रहने और श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते रहने हेतु शुभकामनाएं दी।

### पुरस्कृत विद्यार्थी

इस अवसर पर बोर्ड एग्जाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कक्षा दसवीं से रिया पांडे को रु 15000, दृष्टि चंदानी को 10000, कक्षा बारवीं से कुनाल वर्मा को रु 25000, अर्चित मैती को रु 15000, सृजन कोलनकर को रु 15000, आयुष कुमार रे को रु 10000, पलक डोडवानी को रु 10000, गुंजन भिखवानी को रु 5000 आदि को जे बी संस्था द्वारा नकद पुरुस्कार राशी प्रदान कि गई ।विद्यार्थियों को विविध क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उत्कृष्टता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान प्रबंधक श्रीकांत अग्रवाल द्वारा शाल ओढ़कर एवं स्मृति चिन्ह एवं विद्यार्थियों द्वारा बनाई कलाकृतियां प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में,ओम प्रकाश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, राम पंजवानी, घनश्याम अग्रवाल डॉ एल.पी. साहु जन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## रायपुर ग्रामीण भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कमान अशरफी के हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में सांगठनिक मजबूती और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच पैठ बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने धरसींवा के सक्रिय और युवा भाजपा नेता मोहम्मद युनुश अशरफी की कार्यक्षमता पर भरोसा जताते हुए उन्हें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति को क्षेत्र में भाजपा के बढ़ते प्रभाव और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा होते ही रायपुर ग्रामीण के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई और कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बीच जश्न का माहौल बन गया। मोहम्मद युनुश अशरफी की इस नई जिम्मेदारी पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा सहित भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की है। विधायक अनुज शर्मा ने उनकी नियुक्ति को संगठन के हित में एक सराहनीय निर्णय बताते हुए कहा कि युनुश के जमीनी अनुभव और कार्यकर्ताओं के साथ उनके जीवंत संपर्क का सीधा लाभ आने वाले समय में पार्टी को मिलेगा। वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा और सरकार की जनहितकारी नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करेगा।

नियुक्ति की घोषणा के बाद धरसींवा आगमन पर समर्थकों ने मोहम्मद युनुश अशरफी का जोरदार स्वागत किया। बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान समर्थकों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

**पार्टी के सेवक हु सेवक ही रहूंगा :** जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने पहले संबोधन में मो, युनुश अशरफी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो गौरवपूर्ण दायित्व सौंपा है, वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। मैं सर्व प्रथम सेवक हु छोटा सा कार्यकर्ता हु,, उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान समय में अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर भाजपा की नीतियों को लेकर सकारात्मक बदलाव नजर आ रहा है और वे इस भरोसे को और मजबूत करने का काम करेंगे।

## रायपुर की सतनाम शोभायात्रा में अंचल के हजारों हुए शामिल



**आरंग।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की पावन धरा पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भव्य सतनाम संदेश शोभायात्रा इस वर्ष भी 16 दिसम्बर को अद्भुत श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से हजारों की संख्या में सतनामी समाज के श्रद्धालु राजधानी पहुंचे और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बने। यह शोभायात्रा तकनीकी शिक्षा एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे गरिमा के साथ निकाली गई जो कि रायपुर के घड़ी चौक में गुरुवाणी के साथ सम्पन्न हुआ। गुरु खुशवंत साहेब ने गुरु धर्म का पालन करते हुए घोड़ा-बग्गी में सवार होकर शोभायात्रा में भाग लिया और मार्गभर समाजजनों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी का सतनाम संदेश मानवता, सत्य, समानता और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करता है, और यही विचारधारा समाज को एकजुट कर उन्नति की ओर अग्रसर करती है। शोभायात्रा में चारों दिशाओं में गूंजता जय सतनाम का जयघोष राजधानी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहा था। शोभायात्रा की भव्यता आज रायपुर की पहचान बन चुकी है। अद्भुत झांकियां, पंथी नृत्य दलों की मनोहारी प्रस्तुतियां, अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन, धुमाल की गूंज, डीजे की ताल, तथा जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत—इन सबने आयोजन को अद्वितीय बना दिया। आकाश में छूती आतिशबाजी ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सतनामी समाज के वरिष्ठजन, अखिल भारतीय सतनाम सेना के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में समाजजन और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## पत्नी छोड़कर चली गई युवक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम छतोद में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। बताया जाता है अधिक शराब पीने के कारण पत्नी छोड़ कर मायके चल दिए जाने के कारण वह व्यथित रहता था। बताया जा रहा है छतोद निवासी मृतक रमेश यदु रोज की तरह खाना खाने के बाद अपने कमरे में रात को सोने चला गया था , बुधवार की सुबह जब वह कमरे से बाहर नही आया तो परिजनों को संदेह हुआ। उसे उठानेके लिएपरिजन गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी भीतर से कोई प्रतिउत्तर नहीं आने पर उनका संदेह और गहरा गया।किसी तरह दरवाजा खोलकर कर देखे तो म्यार में साड़ी के फंदे उसकी लाश फांसी पर लटक रही थी। मृतक ने कुर्सी में चढ़कर कमरे के म्यार में फांसी लगा ली थी। बताया जा रहा है कि 10 वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। शराब का आदि होने कारण आए दिन पति पत्नी के बीच विवाद होता था,ईएसआई बात से परेशान होकर उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उसके बाद से से वह घर में किसी से ज्यादा बात नही करता था और गुमसुम रहता था .इस दुःखद हादसे से परिजनों में शोक है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।





## गुरु दर्शन मेले के लिए सीएम को दिया न्योता



**मंदिर हसौद।** बाराडेरा तुलसी में छेरछेरा पूर्णिमा पर लगने वाले तीन दिवसीय गुरू दर्शन मेला को लेकर गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट के नेतृत्व में गृह मंत्री विजय शर्मा, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा और समिति के सदस्यो द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्य अतिथि के रूप मेला में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। वही गुरु अमर दास तुलसी बाराडेरा धाम मेला अगामी 3 एवं 4 जनवरी को होने वाले मेला को लेकर गुरु अमर दास संत संघ समिति तैयारी में जुटे है। जिसमें समिति के सदस्य जनक खेलवार बिशहत घृतलहरे विजय बंजारे कौसल नवरंगे प्रदीप घृतलहरे ग्राम तुलसी के सरपंच सुरेश कुमार धीवर उपसरपंच टामेश बघेल जनपद प्रतिनिधि नरेंद्र कुर्रे पंच लिकेश खेलवार मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर आमंत्रित किया।




### विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 47.52 लाख स्वीकृत



**अभनपुर।** विधायक इन्द्रकुमार साहू के अनुशंसा पर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सडको के लिए 47 करोड़ 52 लाख रूपये की प्रसानिक स्वीकृति मिली है ग्राम बेन्द्री मे 7 करोड़ 51 लाख 22 हजार रूपये से चतुर्दिक मार्ग का निर्माण की स्वीकृति मिली है इसी तरह ग्राम आमदी से रवेली पहुंच मार्ग का डामरीकरण लागत 1 करोड़ 24 लाख 86 हजार,अभनपुर परसुलीडीह तरीघाट राजमार्ग से अभनपुर कोलर टेकारी मुख्य मार्ग लागत 3 करोड़ 30 लाख 63 हजार,अभनपुर राष्ट्रीय मार्ग 30 का फोरलाइन उन्न्ययन 17 करोड़ 8 लाख 94 हजार,दादरझोरी मार्ग का चौड़ी करण 5 करोड़ 28 लाख 60 हजार,नयापारा बसस्टैण्ड से गंज मार्ग 9 करोड़ 8 लाख 75 हजार,सुंदरकेरा से जंवईबांधा नवीन मार्ग 3 करोड़ 70 लाख,तोरला कठिया अभनपुर मार्ग का मजबूतीकरण 1 करोड़ 86 लाख,जौदा से चंपारण मार्ग का सुदृढ़ीकरण 4 करोड़ 98 लाख 82 हजार आदि सडक निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के लोगो ने विधायक इन्द्रकुमार साहू को बधाई प्रेषित किया है।




हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
सत्य के सजग,
निडर पत्रकारिता के
प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
मा. पद्मश्री अनुज शर्मा
विधायक, धरसीवां
विनीत
कैलाश अग्रवाल, सिलयारी (धरसीवां)
प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445




प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445

## खबर संक्षेप



### वृंदावन हॉल में मनाया पेंशनर्स दिवस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज द्वारा सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में बुधवार को पेंशनर्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ आठ पेंशनरों का शॉल, श्रीफल और पहचान चिन्ह व प्रमाण-पत्र के साथ सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वित्त विभाग के सेवानिवृत्त अपर सचिव सतीश पांडेय ने कहा कि प्रदेश शासन महंगाई भत्ता में राहत नहीं दे रही है और धारा 49 को विलोपित भी नहीं कर रही है। प्रदेश के एक लाख पेंशनरों को इसमें राहत मिलने का इंतजार बना हुआ है। पेंशनरों का कहना है कि मध्यप्रदेश सरकार ने धारा 49 को विलोपित करने के लिए प्रस्ताव भी किया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। पेंशनरों ने बताया कि उन्हें आयकर में पूरी छूट मिली चाहिए, इसके साथ ही ट्रेन-बस किराया में भी छूट मिले। साथ ही विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में होरीलाल साहू, बीएल चंद्राकर, आरएल देव, कृष्णा प्रसाद तिवारी, चेतन भारती आदि शामिल थे।

### फायर सेफ्टी टीम को दी जानकारी



**रायपुर।** अंबुजा सिटी सेंटर में बुधवार को सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से फायर ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस ड्रिल में फायर सेफ्टी टीम, सुरक्षा कर्मी, तकनीकी एवं हाउसकीपिंग स्टाफ ने भाग लिया। फायर ड्रिल के दौरान अलार्म सिस्टम सक्रिय किया गया और आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। साथ ही आग बुझाने के उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी भी दी गई। मॉल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह की फायर ड्रिल नियमित रूप से आयोजित की जाती है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और सुरक्षित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकें और आगंतुकों की सुरक्षा बनी रहे।

# विश्वविद्यालयों में अब विद्यार्थियों संग अभिभावक भी सीखेंगे अन्य भारतीय भाषाएं

## अनुवाद, लेखन, शिक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों में दक्षता बढ़ाने नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्वविद्यालयों में अब विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों के लिए भी भारतीय भाषा संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। यूजीसी का मानना है कि भारतीय भाषाएं केवल बोलचाल तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें पढ़ाई, शोध और रोजगार से भी जोड़ा जाना जरूरी है। इसी सोच के साथ यह फैसला लिया गया है, ताकि भाषा सीखने वालों की संख्या बढ़े और विश्वविद्यालय समाज से सीधे तौर पर जुड़ सकें। कई बार देखा गया है कि पैरेंट्स अपने बच्चों की पढ़ाई में रुचि तो लेते हैं, लेकिन खुद को सीखने का मौका नहीं मिल पाता। अब इस पहल से माता-पिता भी बच्चों के साथ सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे, जिससे घर में पढ़ाई का माहौल बेहतर होगा।

### सभी आयु वर्ग के विद्यार्थी ले सकेंगे प्रवेश

यूजीसी का कहना है कि शिक्षा किसी एक उम्र या वर्ग तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसी सोच के तहत अब विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय भाषा के कोर्स सभी के लिए खोलें इसका मतलब यह है कि जो लोग पढ़ाई छोड़ चुके हैं या फिर अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहते हैं वे भी अब विश्वविद्यालयों से भाषा सीख सकते हैं। इस नई व्यवस्था के तहत विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र शिक्षक यूनिवर्सिटी स्टाफ पेरेंट्स और अन्य इच्छुक लोग भारतीय भाषा कोर्स के लिए आवेदन कर सकेंगे यानी अगर किसी छात्र के माता पिता या परिवार का कोई सदस्य किसी भारतीय भाषा को सीखना चाहता है तो वह भी इन कोर्स का हिस्सा बन सकता है।




### इन भाषाओं के कोर्स होंगे उपलब्ध

यूजीसी के अनुसार, इन कोर्स में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं को शामिल किया जाएगा। इनमें हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, मराठी गुजराती, पंजाबी, बंगाली, असमिया, उड़िया, उर्दू, संस्कृत, नेपाली, कश्मीरी, कोंकणी, बोडो, मैथिली, डोगरी, संथाली, और सिंधी जैसी भाषाएं शामिल हैं। इससे क्षेत्रीय भाषाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। भारतीय भाषा कोर्स को अलग-अलग स्तर पर कराया जाएगा, जैसे-बेसिक लेवल इंटरमीडिएट लेवल और एडवांस लेवल, ताकि हर व्यक्ति अपनी जरूरत और समझ के अनुसार भाषा सीख सके। ये कोर्स क्रेडिट आधारित होंगे। छात्रों के लिए इसका अकादमिक फायदा होगा और पैरेंट्स व अन्य लोगों को कोर्स पूरा करने पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

इसके अलावा जो लोग रिटायर हो चुके हैं या नौकरी के साथ कुछ नया सीखना चाहते हैं, उन्हें भी इसके माध्यम से मौका मिलेगा। वे विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का अनुभव ले सकेंगे। सर्टिफिकेट हासिल करना उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा साथ ही भारतीय भाषाओं में दक्षता बढ़ने से अनुवाद, लेखन, शिक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी नए अवसर पैदा होंगे। यूजीसी को उम्मीद है कि इस पहल से क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा और धीरे-धीरे अंग्रेजी पर निर्भरता कम होगी, जब अलग-अलग उम्र के लोग एक साथ भाषा सीखेंगे तो सामाजिक जुड़ाव भी मजबूत होगा और विश्वविद्यालय ज्ञान के केंद्र के साथ साथ सांस्कृतिक केंद्र के रूप में भी उभरकर सामने आएंगे।

## पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ आगे बढ़ रहे कांग्रेसियों से झड़प

# भाजपा व मोदी-शाह के राजनीतिक प्रतिशोध की नीति के विरोध में जुटे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दर्ज एफआईआर को अदालत द्वारा रद्द किए जाने को सत्य की जीत बताते हुए तथा भाजपा व मोदी शाह के राजनीतिक प्रतिशोध की नीति के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। पुलिस बल और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच इस दौरान जमकर झूमाझटकी हुई।

- **भूपेश, महंत, बैज, विधायक, पूर्व मंत्री और जिला कांग्रेस के पदाधिकारी हुए शामिल**

प्रदर्शन में शामिल होने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पंडरी स्थित मिनीमाता मंदिर के पास एकत्रित हुए। वहां से कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया। जैसे ही पदयात्रा मेकाहारा चौक के पास पहुंची, पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स से कार्यकर्ताओं को रोका गया। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो बैरिकेड्स तोड़ते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसके दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमा-झटकी हुई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री के पोस्टर पर कालिख पोतते हुए भी नजर आए और भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए।



### हम सब एकजुटः बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा का षड्यंत्र बेनकाब हो गया। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर एक दशक तक हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व की छवि धूमिल करने के बाद अब भाजपा बेनक़ाब हो चुकी है। जिस तरह से एजेंसियों का दुरुपयोग कर भाजपा विपक्ष को डराना, धमकाना चाहती है, उसके खिलाफ हम सब एकजुट हैं।

### हम हर लड़ाई लड़ने को तैयारः भूपेश

एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मोदी सरकार केन्द्रीय एजेंसियों को विपक्षी आवाज को कुचलने के लिए इस्तेमाल कर रही है। भाजपा के नेता ये कान खोल कर सुन लें कि इन हथकंडों से हम डरने वाले नहीं हैं। भारतीय संविधान और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हम हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

**ये थे मौजूद** : घेराव में वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अनीता शर्मा, अरूण वोरा, मोतीलाल देवांगन, छाया वर्मा, खादी ग्रामोद्योग के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, रायपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, पंकज शर्मा, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री सकलेन कामदार, सुबोध हरिवाल, महेन्द्र छाबड़ा, कन्हैया अग्रवाल, तारणी चंद्राकर, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, प्रवक्ता वंदना राजपूत, डॉ. अजय साहू, शिविंसह ठाकुर, सलाम रिजवी, उधो वर्मा, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, आकाश तिवारी, प्रभमोत सिंह लाड़ी, राहुल इंदुरिया, मोहम्मद सिद्दीक, इकराम अहमद, हिरेन्द्र देवांगन बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# पूर्व सभापति प्रमोद दुबे के बेटे को कुत्ते ने काटा, कंकाली हास्पिटल के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में आवारा कुत्तों के आतंक से आम आदमी सुरक्षित नहीं है। कुत्तों की धरपकड़ और उनकी सर्जरी का अभियान सुस्त पड़ने से लोग अपनी सुरक्षा को लेकर सशंकित हैं। बुधवार शाम ब्राम्हणपारा के कंकाली हास्पिटल के पास सभापति प्रमोद दुबे का पुत्र आर्य दुबे अपनी मम्मी दीप्ति दुबे को छोड़ने गया था। इसी दौरान सीढ़ी से उतरते समय आवारा कुत्तों ने उन्हें घेर लिया। इसी दौरान एक कुत्ते आर्य के पैर को काटा। आर्य को उनके परिवार वालों ने तत्काल अस्पाताल भेजकर वैक्सीन लगवाई। वहीं इसकी शिकायत नगर निगम में करने के बाद कुत्ते को पकड़ने टीम स्पॉट पर पहुंची पर वहां वो कुत्ता नहीं मिला। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही का कहना है, गुरुवार सुबह दोबारा डाग केचर के साथ टीम स्थल पर कुत्ता पकड़ने जाएगी। ब्राम्हणपारा वार्ड के कंकाली अस्पताल कांप्लेक्स के



पास आवारा कुत्तों के झुंड को लेकर आसपास के रहवासियों ने पूर्व में भी शिकायत की। इसके बाद भी स्थल से स्ट्रीट डॉग पकड़ने का कार्य नहीं हुआ। डाग बाइट के शिकार आर्य दुबे के पिता व पूर्व सभापति प्रमोद दुबे का कहना है कि जिस कुत्ते ने उनके बेटे को काटा है, वह पहले भी अन्य लोगों को अपना शिकार बना चुका है।

### गुरुवार सुबह फिर भेजेंगे टीम

बुधवार को ब्राम्हणपारा के कंकाली अस्पताल कंप्लेक्स के पास डाग बाइट की शिकायत मिली है। जानकारी मिलते ही डाग केचर की टीम स्पॉट पर भेजी गई, पर वहां वो डाग नहीं मिला। गुरुवार सुबह उस कुत्ते को पकड़ने फिर डाग केचर की टीम भेजेंगे।

*- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर*

## पेज 11 के शेष ....

### चाहिए 125 किडनी, 26 ....


करीब है। इसके साथ लिवर सहित अन्य अंगदान में मिलने की आस लगाने वालों की संख्या सवा दो सौ तक पहुंच चुकी है। सूत्रों के मुताबिक राज्य में अंगदान करवाने के अभियान में सुस्ती सी नजर आने लगी है। अंगदान की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) का गठन किया गया था। सोटो के अस्तित्व में आने के बाद से इसके संचालक की महती जिम्मेदारी डा. विनीत जैन के पास थी। उनके निधन के बाद से पद खाली है, जिस पर नियुक्ति के लिए सोटो टीम द्वारा शासन स्तर पर पत्र भेजा गया है।


### पूछताछ में खुल सकते हैं ....

से शराब घोटाला से संबंधित कई और राज खुल सकते हैं। खासकर हवाला की रकम कहां-कहां किस-किस के माध्यम से भेजी या खपाई गई थी। इस संबंध में भी कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

### ओपन एंड डिस्टेंस ....

कहा गया है, "इग्नू में जनवरी 2026 में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आधार आईडी बनानी होगी, क्योंकि आवेदन जमा करने के लिए यह अनिवार्य है।" **इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश** : इग्नू प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर बीकॉम, बीबीए, बीए, बीएससी, एमबीए, एमएससी, एमसीए, एमए, एमकॉम, एमफिल और पीएचडी जैसे ओडीएल कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान करता है। आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, पात्र छात्र प्रवेश की पुष्टि होने के बाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से भारत सरकार की छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इग्नू में प्रवेश प्राप्त करने आधिकारिक वेबसाइठ पर जाना होगा। नवीन पंजीयन संबंधित लिंक एक्टिवेट कर दिया गया है, जिसमें लॉग-इन कर छात्र दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# स्ट्रीट लाइट, पानी, सफाई की समस्या जोन 9 कार्यालय के सामने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- प्रधानमंत्री आवास 232 कचना आदर्श ग्रीन एंबियंस के रहवासी नाराज
- 5 माह से स्ट्रीट लाइट बंद, पीने के पानी की समस्या से परेशान

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के अंतर्गत पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के प्रधानमंत्री आवास 232 कचना आवासीय परिसर के रहवासियों ने बुधवार को मोवा स्थित जोन 9 कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। ईडब्लूएस आवास छत्तीसगढ़ परिवार संघ के आव्हान पर रहवासियों ने स्ट्रीट लाइट, पीने के पानी की समस्या और सफाई तथा सीवरेज लाइन की समस्या को लेकर 5 सूत्रीय ज्ञापन जोन 9 कमिश्नर को सौंपा। रहवासियों का कहना है कि कचना के प्रधानमंत्री आवासीय परिसर आदर्श ग्रीन एंबियंस में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसीलिए वे जोन कार्यालय अपनी समस्याओं से अवगत कराने यहां आए हैं। कचना, दलदल सिवनी, लभांडी के पीएम आवासीय परिसर के रहवासियों ने ईडब्लूएस परिवार संघ के साथ मिलकर अपनी-अपनी कालोनी की समस्याओं को लेकर जोन कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम महानंद, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष सूरज यादव का संयुक्त रूप से कहना है कि पेयजल की समस्या से वे परेशान हैं। यही नहीं, कालोनी परिसर में लगाई गई स्ट्रीट लाइट पिछले 5 माह से बंद पड़ी हैं। सांझ ढलने के बाद अंधेरा छाया रहता है। कालोनी परिसर में 2 साल से सफाई सीवरेज लाइन की समस्या चरमराई हुई है।

## मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर धमकी देने वाला गिरफ्तार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर एक व्यक्ति को मोबाइल पर धमकी देने वाले को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अखिलेश सिंह है जो विशाल नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। आरोपी का कहना है कि उसने पति-पत्नी के बीच का झगड़ा खत्म करने के उद्देश्य से नकली ओएसडी बनकर धमकी दी थी। हालांकि पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि खमतराई निवासी प्रार्थी चिंतामणी पंडा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति का उसके मोबाइल पर कॉल आया था। वह खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी मिश्रा बता रहा था।

## लालपुर, अमलीडीह अहाता एरिया में मिली भारी गंदगी और डिस्पोजल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- संचालक पर 10 हजार जुर्माना
- निगम मुख्यालय और 5 जोन की टीम ने चलाया संयुक्त अभियान


नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और तीन जोन की संयुक्त टीम ने बुधवार को जोन 10 के अमलीडीह और लालपुर क्षेत्र में शराब दुकान के अहाता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पानी पाउच की बोरी और प्लास्टिक डिस्पोजल के साथ भारी गंदगी मिली। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग ने स्पॉट से पानी पाउच बोरी सहित अन्य डिस्पोजल की जब्ती कर आसपास के क्षेत्र के सफाई के निर्देश दिए। अमलीडीह अहाता में गंदगी और भारी मात्रा में डिस्पोजल पाए जाने पर संबंधित संचालक पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और 5 जोनों की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ अमलीडीह और लालपुर क्षेत्र स्थित शराब दुकानों की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अमलीडीह के शराब दुकान अहाता में भारी मात्रा में डिस्पोजल सामग्री मिली। इसके साथ ही स्थल पर गंदगी पाई गई। इसी तरह लालपुर के अहाता में गंदगी और पानी पाउच की बोरी मिलने पर जब्ती की गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व में नगर निवेश टीम, जोन 10, जोन 2, जोन 3 जोन 5 और नगर निगम जोन 6 की संयुक्त टीम ने निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर अभियान चलाकर कैंपस की सफाई करवाई।
















हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण** - 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि